



# ALIVE NEWS

अलाईव न्यूज

Any Enquiry Cont. : 0129-4070270

खबर वही, जो जिंदा रहे!





Vol. 13 Issue No. 02 Faridabad (NCR) Friday, 16-29 February 2024 Rate : 5 /- RNI No. : HARBIL/2012/45536 Postal Registration No. L-2/HR/FBD/296/24-26 Page : 8

## निजी अस्पताल जल्द कर सकते हैं आयुष्मान सेवा स्थगित : आईएमए



डॉ. अजय महाजन
प्रदेशाध्यक्ष, आईएमए



डॉ. सुरेश अरोड़ा
चेयरमैन, आयुष कमेटी हरि.

**Faridabad/Alive News**

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को सितंबर 2018 में आयुष्मान भारत नामक एक अभूतपूर्व योजना समर्पित की थी। उसी वर्ष हरियाणा ने भी इस योजना को अपना लिया था। इस योजना से गरीब मरीजों का भला भी हुआ है। अब हरियाणा सरकार ने चिरायु कार्ड भी बना दिए हैं जिसका लाभ और अधिक मरीजों को होगा।

इसके बाद भी बहुत ही दुःख की बात है कि सरकार ने बजट में पर्याप्त बढ़ोतरी नहीं की और पिछले 2-3 सालों से आयुष्मान भारत योजना के बिल समय पर पास नहीं किये जा रहे हैं। बिना किसी ठोस कारण के मनमानी कटौतियां की जा रही है। पूछने पर कई महीनो तक कोई जवाब भी नहीं मिलता। भारत सरकार ने नवंबर 2021 में विभिन्न पैकेज की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी थी किन्तु हरियाणा सरकार ने अब तक भी इन्हे लागू नहीं किया है।

उक्त जानकारी आईएमए के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अजय महाजन और आयुष कमेटी के चेयमैन डॉ. सुरेश अरोड़ा ने एक प्रैस नोट जारी कर दी।

उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के कॉन्ट्रैक्ट के अनुसार भुगतान 15 दिन में हो जाना चाहिए अन्यथा उस पर अस्पताल को ब्याज दिया जाना चाहिए। लेकिन ब्याज तो दूर बिल का भुगतान कई महीनो तक नहीं होता। उपरोक्त कारणों की वजह से आयुष्मान अस्पतालों में काफी रोष व्यापत है। आईएमए ने कहा अस्पताल कब तक घाटे पर काम करते रहेंगे? यदि हरियाणा सरकार ने इस समस्या का निदान समय रहते नहीं किया तो निजी आयुष्मान अस्पतालों को मज़बूरी में ठोस कदम उठाना पड़ सकता है। जब सभी आयुष्मान अस्पतालों को अपनी सेवायें स्थगित करनी पड़ेंगी। हालांकि प्रगतिशील राज्य को वो दिन न देखना पड़े।

हरियाणा के डॉक्टरों का डेलिगेशन आईएमए हरियाणा के नेतृत्व में कई बार आयुष्मान से जुड़े हुए अधिकारियों से मिल चुके हैं और उनको अपनी समस्याओं के बारे में अवगत कराया है। मुख्यमंत्री और सरकार के कई नेताओं से भी बात हुई है। काफी समय बीत जाने के बाद भी कोई सकारात्मक कार्यवाही नहीं हुई। इसकी वजह से आयुष्मान मरीजों को अपनी सेवाएं देने में अस्पतालों का काफी नुकसान हो रहा है और मुश्किलें आ रही हैं।

अगर, सरकार निजी आयुष्मान अस्पतालों की समस्याओं का समाधान नहीं निकालती है तो निजी आयुष्मान अस्पतालों को मजबूर होकर पूरे हरियाणा में आयुष्मान मरीजों का इलाज स्थागित करना पड़ सकता है, और आयुष्मान मरीजों को काफी समस्या पैदा होगी। इसकी जिम्मेदार हरियाणा सरकार की होगी। आईएमए ने हरियाणा के मुख्यमंत्री व स्वास्थय मंत्री से अनुरोध किया है कि इस 'मोदी की गारंटी' को हरियाणा में असफल न होने दें।

## लोग चाहते हैं कि मोदी फिर से प्रधानमंत्री बनें, जीत पवार ने कहा- 400 सीट जीतने के लिए मिलकर काम करेंगे

**Pune/Agency**

महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने रविवार को कहा कि देश की अधिकतर जनता चाहती है कि नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनें और राज्य में सत्तारूढ़ गठबंधन के सभी घटक इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। यहां बारामती में एक किसान रैली को संबोधित करते हुए पवार ने कहा कि वहअपने 'होम ग्राउंड' से अपना अभियान (आगामी लोकसभा चुनाव के लिए) शुरू कर रहे हैं। अजित पवार बारामती से विधायक हैं।

उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, ''आपने हमेशा मुझे आशीर्वाद दिया है और यही कारण है कि मैं आपके सामने खड़ा हूं। आपने मुझे पुणे जिले का प्रभारी मंत्री बनने में मदद की।'' उन्होंने कहा, '' देश की



65 प्रतिशत से ज्यादा आबादी नरेन्द्र मोदी को फिर प्रधानमंत्री बनते देखना चाहती है। आने वाले दिनों में मैं कड़ी मेहनत करूंगा और हर कोई हैरान रह जाएगा। महायुति (सत्तारूढ़ गठबंधन) लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की 400 सीटों पर जीत सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करेगी।''

अजित पवार ने अपने समर्थकों से कहा कि वे ऐसे बयान न दें जिससे दरार पैदा हो या किसी वर्ग को ठेस पहुंचे। उन्होंने कहा कि सभी को मतभेद भुलाकर लोकसभा चुनाव के लिए अगले कुछ महीने एकजुट होकर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा, ''हम विकास के पथ पर आगे बढ़ना चाहते हैं। इसलिए हमें ऐसा सांसद चुनना चाहिए जिसकी सोच हमारे जैसी हो।'' सत्तारूढ़ गठबंधन में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना, भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शामिल हैं।

## एलपीस कान्वेंट स्कूल में साइंस एंड क्राफ्ट एग्जीबिशन प्रतियोगिता का आयोजन, केएम कान्वेंट स्कूल प्रथम

**Faridabad/Alive News**

जीवन नगर स्थित एलपीस कान्वेंट स्कूल में साइंस एंड क्राफ्ट एग्जीबिशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में केएम कान्वेंट स्कूल ने हाइपर लून मॉडल के साथ प्रथम स्थान, आशा कान्वेंट स्कूल ने चंद्रयान मॉडल के साथ द्वितीय स्थान और शिवालिक विद्या निकेतन स्कूल ने हुमन बॉडी मॉडल के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। साइंस एंड क्राफ्ट एग्जीबिशन में 70 मॉडल के साथ अलग-अलग स्कूलों के करीब 160 विद्यार्थियों ने भाग लिया।





साइंस एंड क्राफ्ट एग्जीबिशन प्रतियोगिता में पूर्व विधायक नागेंद्र भड़ाना, पूर्व पार्षद मगनबीर भड़ाना, आशा कान्वेंट स्कूल के चेयरमैन एल.पी मदान, शिक्षाविद् गुलशन बजाज, शोभित आजाद, ललित मदान, रहीश खान, मुकेश लखानी और गिरीश भाटिया ने सभी विद्यार्थियों के मॉडल का अवलोकन किया और उनके बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इस साइंस एग्जीबिशन में आशा कान्वेंट स्कूल, शिवालिक विद्या निकेतन स्कूल, बी.के हाई स्कूल, जीकेएल किड्स स्कूल, एस.डी कान्वेंट स्कूल, शिवालिक मॉडर्न हाई स्कूल और केएम कान्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने इस प्रदर्शनी में हाइपर लून, चंद्रयान-2, हुमन बॉडी, न्यूरोन सिस्टम, सोलर पावर इरिगेशन, इको फ्रेंडली एनर्जी सोर्स, श्रीराम मंदिर मॉडल और हार्ट मॉडल, आर्ट एंड क्राफ्ट में फ्लोर पोट के मॉडल बनाए। आए हुए सभी अतिथि और बच्चों के अभिभावकों ने विद्यार्थियों के मॉडल की सराहना की।

एलपीस स्कूल के प्रिंसिपल राजेश मदान ने प्रतिभागी स्कूलों के विद्यार्थियो और उनके अध्यापकों का स्कूल पहुंचने पर धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि स्कूल की ओर से साइंस क्राफ्ट प्रदर्शनी हर वर्ष बच्चों के टैलेंट को उभारने के लिए लगाई जाती है। इस बार एलपीस कान्वेंट स्कूल के अलावा आसपास के करीब एक दर्जन स्कूलों के बच्चों ने अपने मॉडल के साथ प्रदर्शनी प्रतियोगिता में भाग लिया। बच्चों से मॉडल के बारे में इनोवेशन, प्रेजेंटेशन, कम्युनिकेशन के आधार पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय मॉडल का निर्णय लिया गया।

उन्होंने बताया कि प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले स्कूल के विद्यार्थियो को 3100 रुपए और ट्राफी, वहीं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियो को 2100 रुपए और ट्राफी तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियो को 1100 रुपए और ट्राफी दी गई।


ELPIS CONVENT SCHOOL AIM HIGH

Creating Leaders of
Tomorrow...

ELPIS CONVENT SCHOOL

GOVT. RECOGNIZED (AN ENGLISH MEDIUM) NUR. TO XIITH (C.B.S.E. CURRICULM)
JEEVAN NAGAR-II, BEHIND SAROJ VATIKA, SOHNA ROAD, FARIDABAD. M.: 8510006407
WEBSITE : WWW.ELPISCONVENTSCHOOL.COM EMAIL : ELPISCONVENTSCHOOL@GMAIL.COM

ADMISSION OPEN FOR
Classes Nursery to STD. XII

SCIENCE, COMMERCE & ARTS STREAMS AVAILABLE

DISTINCTIVE FEATURES
- CBSE Curriculum.
- Experienced and Qualified Staff.
- Disciplined Learning Atmosphere.
- Timely Counseling and seminars held for parents.
- Computer & Science lab Facility.
- 24 Hours surveillance on camera.
- Stage exposure & indoor activities.
- Music, Dance and physical Education Classes.
- All Focus on developing skills.
- Special English grooming sessions.
- Awaring students about science importance in life.
- Transport Facility Available.

Age as on 31.03.2024
FOR NURSERY: 3Years
FOR LKG: 4 Years
For UKG: 5 Years
FOR Class I: 6 Years
For Class II : 7 Years



Admission Forms Available At School Reception

RAJESH MADAN
PRINCIPAL

# Faridabad News

ALIVE NEWS
E-mail : alivenews30@ gmail.com
website: www.alivenews.co.in

## संक्षिप्त समाचार

### श्री सिद्धदाता आश्रम एक दिव्य स्थान है : पंडोखर सरकार



**Faridabad/Alive News**

मध्य प्रदेश के दतिया के रहने वाले पंडोखर सरकार ने आज श्री सिद्धदाता आश्रम में भगवान नारायण के दर्शन किए और अधिपति जगदगुरु स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य महाराज से मन्त्रणा की।

इस अवसर पर पंडोखर सरकार ने कहा कि श्री सिद्धदाता आश्रम एक दिव्य स्थान है। जिसकी स्थापना महान संत स्वामी सुदर्शनाचार्य महाराज ने की। आज इस स्थान पर आने वाले असंख्य लोगों को बैकुंठवासी स्वामी के तपोबल से धर्म अर्थ काम और मोक्ष की प्राप्ति हो रही है।

स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य महाराज के सानिध्य में श्री सिद्धदाता आश्रम आने वालों को आदि व्याधियों से मुक्ति प्राप्त हो रही है। उन्होंने कहा कि श्री सिद्धददाता आश्रम जैसे दिव्य स्थान पर वही आ पाता है जिसे माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

उन्होंने यहां की व्यवस्थाओं की मुक्त कंठ से प्रशंसा की और आश्रम द्वारा संचालित गुरुकुल एवं गौशाला प्रकल्पों की भी प्रशंसा की। उन्होंने जगदगुरु स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य महाराज को पंडोखर धाम आने का निमंत्रण दिया। स्वामीजी ने भी पंडोखर सरकार को श्री लक्ष्मीनारायण दिव्य धाम में भगवान नारायण के समक्ष सम्मानित किया और संस्थापक बैकुण्ठवासी स्वामी महाराज के समाधि स्थल पर भी दर्शनार्थ ले गए। उन्होंने सरकार का बहुमान किया और उनसे पुनः आने की बात कही।

उन्होंने कहा कि पंडोखर सरकार आध्यात्मिक ज्ञान से लोगों का मार्गदर्शन करते हैं। यह आध्यात्मिक ज्ञान उन नास्तिकों के मुंह पर तमाचा है जो हर बात पर सवाल खड़ा करते हैं।

इस अवसर पर पंडोखर धाम सरकार के साथ उनके प्रमुख भक्त भी मौजूद रहे। वहीं आश्रम के भी हजार भक्त इस अवसर पर साक्षी रहे।

### मानव सेवा समिति द्वारा आयोजित निशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप में 95 लोगों ने कराई जांच



**Faridabad/Alive News**

मानव सेवा समिति ने मानव भवन सेक्टर 10 पर एक निशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप लगाया जिसमें 95 लोगों के कोलेस्ट्रॉल,थायराइड, ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन,ब्लड प्रेशर की निशुल्क जांच की गई।

इस अवसर पर वरिष्ठ मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. राहुल गुप्ता व वरिष्ठ सांस रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीषा मेहंदीरत्ता ने स्वास्थ्य चर्चा के तहत मूत्र व सांस रोग के कारण व बचाव के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की और उचित परामर्श देकर इलाज किया।

कैंप के सफल आयोजन में विवेक शर्मा, युवा समाज सेविका राखी वर्मा, प्रमुख समाज सेवी मुकेश अग्रवाल, चेयरमैन महिला मंडल उषा किरण शर्मा, राज राठी, कुसुम वशिष्ठ, संजीव शर्मा, परमेश्वरी कासवान, राजेंद्र गोयनका ने सहयोग प्रदान किया

समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा व राखी वर्मा ने कहा है कि रविवार 25 फरवरी को अपोलो हॉस्पिटल दिल्ली के सहयोग से निशुल्क हेल्थ चेकअप कैम्प मानव भवन में लगाया जाएगा।

### कर्मभूमि स्कूल में हवन-यज्ञ का आयोजन

**Faridabad/Alive News**

नैन चौक स्थित कर्मभूमि सीनियर सैकंडरी स्कूल में विदाई समारोह हवन-यज्ञ और प्रसाद वितरण के साथ संपन्न हुआ। कक्षा नौवी के विद्यार्थियों ने दसवीं के विद्यार्थियों को विदाई पार्टी दी।

इस अवसर पर कर्मभूमि सीनियर सैकंडरी स्कूल की इंग्लिश मीडियम ब्रांच के प्रिंसीपल जनक सिंह रावत ने सभी बच्चों को हवन-यज्ञ में आहुति दिलवाई और बोर्ड परीक्षा के लिए विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य का आर्शीवाद दिया।

इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन नन्दराम पाहिल ने विद्यार्थियों को परीक्षा को लेकर टिप्स दिए और उन्हें परीक्षा में स्ट्रेस फ्री रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्कूल के अध्यापकों को कठिन मेहनत करने और दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों के साथ मिलकर परिश्रम करने पर धन्यवाद दिया। स्कूल के चेयरमैन ने हवन-यज्ञ में आहूति देते हुए सभी बच्चों को उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया। इस कार्यक्रम में कर्मभूमि स्कूल हिन्दी ब्रांच की प्रिंसीपल मुकेश मलिक के साथ अध्यापक मौजूद रहे।

# श्रीराम कथा हमें जीवन जीने की कला सिखाती है: सी.बी.रावल

**Faridabad/Alive News**

सेक्टर-9 के श्री राम मंदिर में 9 दिवसीय श्रीराम कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। राम कथा को सुनने श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। 16 फरवरी से 24 फरवरी तक आयोजित यह 9 दिवसीय राम कथा दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक किया जा रहा है। कथावाचक परम पूज्य संत कृष्णा स्वामी जी वृन्दावन वाले महाराज द्वारा भगवान श्रीराम की पावन कथा का वर्णन बड़े ही सूंदर तरीके से किया जा रहा है।

9 दिवसीय श्रीराम कथा का भव्य आयोजन श्रीराम कृष्णा फाउंडेशन, रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर 9 , श्रीराम मंदिर महिला समिति , प्रोत्साहन वूमेन सोसाइटी की और से किया जा रहा है। दूसरे दिन कथा में विशेष रूप से भाग लेने पहुंचे रावल शिक्षण संस्थान के चेयरमैन सी.बी.रावल का आयोजक कमिटी की और से पहुंचने पर भगवन श्री राम जी का प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर कथा वाचक कृष्णा स्वामी जी महाराज से आशीर्वाद लेने के बाद सी.बी.रावल ने कहा की यहां आना उनके लिए बड़े ही सौभाग्य की बात है।



उन्होंने कहा कि भगवान राम जैसा चरित्र इस संसार में पैदा नहीं हुआ। वह परम उदार, दयालु और मार्ग दर्शक हैं। भगवान राम का नाम उनसे बड़ा है उनके नाम में इतनी शक्ति है कि अगर सच्ची भक्ति और निष्ठा से पत्थर पर लिखने से पानी तैरने लगता है। भगवान राम मर्यादा पुरुषोत्तम राम कहे जाते हैं।

सदियों से अभिभावक उनके जैसा बेटा चाहता है। उन्होंने श्रीराम कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि श्रीराम कथा हमें जीवन जीने की कला सिखाती है। कथा सुनने मात्र से ही प्रभु की कृपा मिलती है। उद्योगपति अरुण बजाज ने कहा कि जहां भगवान श्रीराम की कृपा होती है, उसी जगह रामकथा संभव हो पाती है। राम की कृपा वहीं होती है, जहां उनके भक्त रहते हैं।

रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर 9 के प्रधान रणवीर चौधरी ने कहा की प्रभु ने ही मानव शरीर बनाया है।

लेकिन पुरुषार्थ मानव का धर्म है। बिना परिश्रम के कुछ भी मिलना असंभव है। रामकथा से हर जीव की व्यथा दूर हो जाती है। संसार के सभी जीवों का मंगल रामकथा के श्रवणपान से ही हो जाएगा। कथावाचक परम पूज्य संत कृष्णा स्वामी जी वृन्दावन वाले महाराज जी ने दूसरे दिन श्री राम जी एवं हनुमान जन्मोत्सव ,विश्वमित्र यज्ञ ,जनकपुर लीलाएँ, धनुषभंग ,परशुराम चरित्र का कथा के रूप में वर्णन किया।

आज कथा के दूसरे दिन विशेष रूप से हुकमचंद लाम्बा और बाबूराम अग्रवाल को भी भगवान श्री राम जी का प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया गया। कथा सुनने के लिए पंडाल में गणमान्य लोगों में विनोद शर्मा, अशोक मित्तल, एस ई अग्रवाल, आर.के केश्वानिया, द्रोपदी अदलखा, राजेंदर मेहंदीरत्ता, बलदेव जुनेजा के. के अग्रवाल सहित शहर के सैकड़ों महिला-पुरूष श्रद्धा श्रीराम कथा में मौजूद रहे।

## रोज गार्डन की जल्द ही बदलेगी सूरत



**Faridabad/Alive News**

एनआइटी स्थित रोज गार्डन की सूरत अब जल्द ही बदलती हुई नजर आएगी। रोज गार्डन के सौंदर्यीकरण का काम शुरु हो चुका है जो कि फरीदाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा है । रोज गार्डन के सौंदर्यीकरण के लिए 1.27 करोड़ का टेंडर जारी किया गया है ।

**लोगों को मिलेंगी ये सुविधाएं**

रोज गार्डन में सीनीयर सीटीज के लिए सत्संग भवन का आकार बढ़ाकरसाथ ही शौचालय की व्यवस्था भी की जाएगी। वहीं, पार्क के चारों तरफ स्ट्रीट लाइट भी लगाई जाएंगी । इसके अलावा ओपन थिएटर को कवर कर लोगों की सुरक्षा के लिए गार्डन में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे ।

बता दें कि पार्क में पीने के पानी की व्यवस्था भी दुरुस्त की जाएगी । इसके साथ ही चौकीदार और माली के दो रुम भी बनाए जाएंगे । बच्चों के लिए झूले लगाकर पार्क को और बेहतर बनाया जाएगा । वहीं गार्डन में एंट्री करने वाले गेट को भी एक नया रूप दिया जाएगा ।

**क्या कहना है विधायक का**

विधायक सीमा त्रिखा ने बताया कि उन्होंने एक महीने पहले पार्क का उद्घाटन किया है साथ ही उनका कहना है कि जल्द ही इस पार्क में लाइट, सत्संग भवन, पानी और शौचालय इत्यादी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी ।

## कांग्रेस पार्टी के खाते सील करने को लेकर देशभर में प्रदर्शन

**Faridabad/Alive News**

इलेक्ट्रोल बॉन्ड को लेकर आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद कांग्रेस पार्टी के खाते को सीज किए जाने के विरोध में सोमवार को पूरे देशभर में कांग्रेसियों ने आयकर भवन के समक्ष प्रदर्शन कर अपना विरोध प्रकट किया। फरीदाबाद में एन.एच.4 स्थित आयकर विभाग के दफ्तर के सामने कांग्रेसियों ने प्रदर्शन किया और केन्द्र की भाजपा सरकार पर जमकर हल्ला बोला। प्रदर्शन का नेतृत्व कांग्रेसी नेता विजय प्रताप ने किया।

सैंकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता एन.एन.5 स्थित केसी सिनेमा के पास एकत्रित हुए और वहां से प्रदर्शन करते हुए एन.एच.4 स्थित इंकम टैक्स विभाग के दफ्तर के सामने पहुंचे। कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार पर तानाशाही करने, लोकतंत्र की हत्या करने के आरोप लगाए। कार्यकर्ताओ ने भाजपा सरकार मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। इस मौके पर पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए



कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी, ईडी, सीबीआई, इंकम टैक्स का दुरुपयोग कर रही है, लोकतांत्रिक व्यवस्था को खत्म कर रही है।

विपक्षी पार्टियों को डराने के लिए उन पर मुकद्दमे दर्ज किए जा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्ट्रोल बॉड को गैर कानूनी बताकर रद्द कर दिया, जोकि मोदी सरकार का निर्णय था। बीजेपी ने इसके माध्यम से कॉरपोरेट जगत से 6.5 हजार करोड़ रुपए ले लिए। सुप्रीम कोर्ट ने इसको बैन किया, लेकिन खाता बंद कराया जा रहा है कांग्रेस पार्टी का। कांग्रेस पार्टी भाजपा सरकार की इस तानाशाही का विरोध करती है और आज पूरे देश में इस व्यवस्था के खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन किए जा रहे हैं।

कांग्रेसियों ने कहा कि भाजपा सरकार की जन विरोधी एवं अलोकतांत्रिक नीतियों के चलते आज देश का लोकतंत्र खतरे में हैं। इन्होंने बेशर्मी की सभी हदें पार कर दी है। देश में बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, महंगाई चरम पर है। आज डॉलर के मुकाबले रुपए की स्थिति आप देख सकते हैं। ये लोग आंकड़ों के साथ छेडखानी करके लोगों को बरगलाने का काम कर रहे हैं। लोग इनके बहकावे में आने वाले नहीं है और 2024 के चुनावों में जनता इसका जवाब देगी।

उन्होंने कहा कि इलेक्टरोल मोड के माध्यम से भाजपा केवल अपना अकाउंट भरना चाहती थी, जिसकी मंशा को सुप्रीम कोर्ट ने उजागर करते हुए इसे रद्द कर दिया। कांग्रेसियों ने कहा कि ये लोग सत्ता के भूखे लोग हैं और सत्ता पाने के लिए हर कदम उठा रहे हैं। लोकसभा चुनाव जीतने की ललक में ये लाग बौखला गए हैं, लेकिन कांग्रेस इनकी गीदड भभकियों से डरने वाली नहीं है और डटकर इनके हर वार का विरोध किया जाएगा।

आज के प्रदर्शन में कांग्रेस नेता विजय प्रताप के साथ पूर्व विधायक शारदा राठौर, रघुबीर सिंह तेवतिया, बलजीत कौशिक, योगेश ढींगड़ा, दीपक चौधरी, मनोज नागर, अभिलाष नागर, आईटी सैल के प्रभारी डा सौरभ शर्मा, अमनदीप सिंह, इकबाल कुरैशी, इशांत कथूरिया, सुहैल सैफी, एडवोकेट जयभगवान जी, गंजना लाम्बा, विजय पाल सरपंच, ओमपकाश गौड, विरेन्द्र मावी, राकेश पंडित, विनोद कौशिक, मास्टर भारत भूषण, एडवोकेट राजेश बैसला, मुकेश पांडे, महेश अग्रवाल, रमेश गौतम, अमित कुमार, राजू नागर, अनिल नेताजी, सोनू सलूजा, सुरेश कुमार, गुलजारी लाल, समय सिंह, तौफिक खान, राहुल सरदाना आदि शामिल रहे।

## सीबीएसई की इस सत्र की पहली परीक्षा में छात्रों के खिले चहरे

**Faridabad/Alive News**

सोमवार को सीबीएसई 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों की हिंदी की परीक्षा हुई। परीक्षा केन्द्र से बाहर आने के बाद बच्चों में उत्साह देखने को मिला। विद्यार्थियों ने बताया गया कि पेपर तो आसान था लेकिन लेखन भावना से लंबा होने समय को लेकर थोड़ी परेशानी हुई। लेकिन पेपर आसान होने के चलते समय विद्यार्थियों ने समय मैनेज कर पेपर पूरा किया। 12वीं कक्षा का यह पहला पेपर था। पहले दिन सीबीएसई पैटर्न पर संचालित जिले के 49 परीक्षा केन्द्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। विद्यार्थियों को परीक्षा सेंटरों पर आधे घंटे पहले बुलाया गया। चेंकिग के बाद विद्यार्थियों को अंदर जाने दिया। विद्यार्थियों की गतिविधि पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी से निगरानी की गई।



**क्या कहा विद्यार्थियों ने**

मुहावरे थोड़ा घुमा फिरा कर आए थे। उन्होंने थोड़ा परेशान किया। लेकिन मुश्किल नहीं थे। पेपर आसान था। सिलेबस से बाहर कुछ भी नहीं था। सब कुछ सिलेबस से ही आया था।

**-मोनिका, विद्यार्थी।**

हिंदी का पहला पेपर काफी आसान रहा। लेखन सेशन काफी लंबा रहा। लेकिन समय के साथ पूरा प्रश्न पत्र हल कर लिया। जितना पढ़ाया गया था, लगभग उसी से सारे प्रश्न आए थे।

**-प्रिंस, विद्यार्थी।**

हिंदी का पेपर पहला। तैयारी अच्छी रही। पेपर भी आसान रहा। पेपर को देखने के बाद केवल समय और राइटिंग पर ध्यान रहा।

**-यश, विद्यार्थी**

**क्या कहना है सीबीएसई कोऑर्डिनेटर का**

पहले दिन 12वीं कक्षा की हिंदी की परीक्षा रही। जिले में कुल 49 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। किसी भी केंद्र से किसी प्रकार की अनियमितता सामने नहीं आई। परीक्षा में शत प्रतिशत विद्यार्थी उपस्थित रहे। सेंटरो पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। हिंदी का पेपर सिलेबस में से ही था। पेपर देख बच्चे भी काफी खुश हुए।

**-नीलिमा जैन, जिला कोऑर्डिनेटर- सीबीएसई।**

## D.A.V. School organized an Orientation cum Interactive session



**Faridabad/Alive News**

D.A.V. School Sector 37, organized an Orientation cum Interactive session for the new parents and students of classes Nursery to II on 17th February 2024. It was a productive session for the parents who had a chance to interact with teachers and Special Educator before the beginning of the new session. Fun filled games and various activities were also organised.

Principal Deepti Jagota warmly welcomed the parents and assured them of the school's commitment in ensuring their child's growth and development. Supervisory Head of Pre-Primary Segment Geeta Nagpal also addressed the parents. She spoke about the school rules and the new assessment scheme in detail.

The goal of the Orientation Programme was to ensure that the parents are at ease about the transition of the students

# सीवर ओवरफ्लो की समस्या से जूझ रहे हैं इंद्रा कम्पलेक्स के लोग

**Faridabad/Alive News**

ग्रेटर फरीदाबाद विधानसभा 89 इंद्रा कम्पलेक्स में पिछले पांच सालों से सीवर ओवरफ्लों की सम्सया बनी हुई है । जिसकी वजह से सीवर का दूषित पानी सड़कों पर जमा हो गया है । ऐसे में स्थानीय लोगों का सड़को पर निकलना भी मुश्किल हो गया है । लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार विधायक नरेंद्र गुप्ता को इसकी शिकायत भी की है लेकिन शिकायत करने के बाद भी उनकी इस समस्या का कोई समाधान नही किया जा रहा है।

सीवर ओवरफ्लो होने के कारण पूरी गली दूषित पानी से भरी हुई है ऐसे में आसपास का माहौल भी दुर्गंधमय बना हुआ है। वैसे तो भाजपा सरकार एक तरफ नारा लगाती है कि ÷स्वच्छ भारत अभियान÷ लेकिन यहां स्वच्छता के नाम पर कोई कार्य नही किया जा रहा है।



नगर निगम के अधिकारियों की इस लापरवाही के चलते बारिश के दिनों में लोगों का घर से बाहर निकलना भी मुश्किल हो जाता है। सड़को पर पानी जमा होने के कारण मच्छर पनप रहें हैं जिसकी वहज से लोग तरह तरह की बीमारियों का शिकार होने लगते है। इसके अलावा लोगों दूषित पानी में से उठ रही बदबू का सामना करना पड़ता है।

**क्या कहना है स्थानीय लोगों का**

नहर पार इंद्रा कम्पलेक्स की निवासी ओमबती ने बताया कि सड़को पर जमा हो रहें दूषित पानी के चलते स्कूल जा रहे बच्चों को भी काफी परेशानी होती है। देखा जाए तो कई बार बच्चे इस गंदे पानी में से होकर निकलना पड़ता है जिसकी वजह से बच्चे बीमार भी पड़ जाते है।

नहर पार इंद्रा कम्पलेक्स की निवासी प्रीती चौधरी ने बताया कि सड़को पर जमा हो रहे दूषित पानी के चलते आवगमन करने वाले लोगों को काफी ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ती है । उन्होंने बताया कि गली में गंदा पानी भरा होने के कारण लोग मैरिज हॉल में बुकिंग भी नही करा पा रहें है। साथ ही उनका यह कहना है कि कई बार शिकायत करने के बाद कोई कार्यवाही नही की जा रही है।

नहर पार इंद्रा कम्पलेक्स के निवासी अशोक कुमार ने बताया कि सड़को पर पानी जमा होने की वजह से कई बार लोग कई बार दुर्घटना का शिकार भी हो जाते हैं।साथ ही उनका कहना है कि भाजपा सरकार में उद्घाटन हो रहे है लेकिन काम कुछ नही हो रहा है।

## सीबीएसई 12वीं कक्षा का आज हुआ इंग्लिश का पेपर



**Faridabad/Alive News**

सीबीएसई 12वीं कक्षा के स्टूडेंट्स ने वीरवार को इंग्लिश का एग्जाम दिया। स्टूडेंट्स के मन में यहीं सवाल था कि कैसा प्रश्न पत्र होगा और वो कैसे परीक्षा देंगे? ऐसे कई कई सवाल लेकर वह परीक्षा केंद्र में गए, लेकिन जब वहां से बाहर निकले तो उनके चेहरे पर तनाव नाम की कोई चीज नहीं थी। स्टूडेंट्स ने इस बात पर प्रसन्नता जाहिर की कि जो उनके दिमाग में एक तनाव बना हुआ था इंग्लिश का पेपर देने के बाद अब वे तनाव मुक्त हो गए हैं। स्टूडेंट्स ने बताया कि पेपर मे किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं हुई। पेपर को लेकर तनाव था, जो पेपर देखने के बाद दूर हो गया। पूरा पेपर सिलेबस मे से ही आया था, कुछ भी सिलेबस के बाहर नहीं था।

### क्या कहा स्टूडेंट्स ने

पेपर आसान आया था, कठिन नहीं था। सिलेबस से बाहर कुछ भी नहीं था। सब कुछ सिलेबस से ही आया था। पेपर अच्छा हुआ।

**-यश, स्टूडेंट-सीनियर श्रीराम मॉडल हाई स्कूल**

इंग्लिश का दुसरा पेपर काफी आसान रहा। लेकिन समय के साथ पूरा प्रश्न पत्र हल कर लिया। जितना पढ़ाया गया था, लगभग उसी से सारे प्रश्न आए थे। अच्छे नंबरों की उम्मीद है।

**-सुरज, स्टूडेंट-सीनियर श्रीराम मॉडल हाई स्कूल**

पेपर काफी आसान रहा, जिससे ज्यादा परेशानी नहीं हुई। कुछ बड़े प्रश्नों की वजह से समय की थोड़ी कमी जरूर लगी। लेकिन कोई ऐसा प्रश्न नहीं था, जिसमें बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा हो।

**-नवनीत, स्टूडेंट-सीनियर श्रीराम मॉडल हाई स्कूल**

पेपर काफी अच्छा रहा। तैयारी अच्छी रही। पेपर भी आसान रहा। पेपर को देखने के बाद केवल समय और राइटिंग पर फोकस रहा।

**-हिमांशी, स्टूडेंट-सीनियर श्रीराम मॉडल हाई स्कूल**

**Faridabad News**

ALIVE NEWS
E-mail : alivenews30@gmail.com
website: www.alivenews.co.in

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस ने सड़क से हटवाया अतिक्रमण



Faridabad/Alive News

एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस ने सेक्टर-9/10 और सेक्टर 3/4 की मार्केट में अतिक्रमण करने या रेहडी लगाकर सड़क पर जाम लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटवाया गया। इस अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 463 वाहन चालकों के चालान किए गए।

डीसीपी ट्रैफिक ने बताया कि पुलिस के द्वारा शहर में अतिक्रमण से जाम की परेशानी होती है। अगर सड़को पर अतिक्रमण नही रहेगा तो यातायात सुगम चलेगा। जाम के कारण यात्रियों को कई-कई घंटे जाम में खडा रहना पड़ता है। इस परेशानी को देखते हुए सड़क के किनारे लगाई रेहडियों से किए गए अतिक्रमण के लिए अभियान चलाकर रेहडियों को हटवाने की कार्रवाई की गई है।

जिसमें बल्लभगढ़ क्षेत्र के सेक्टर-9-10 और सेक्टर 3-4 शामिल है। सड़कों पर दुकानदारों द्वारा सामान लगाकर या सड़कों पर रेहडी लगवाकर अतिक्रमण किया जाता है। दुकानों के सामने वाहन खड़ा करने या सड़क की जगह पर सामान रखने से सड़क का रास्ता संकरी हो जाता है जिसकी वजह से वहां पर वाहनों के आवागमन में परेशानी होती है।

सड़क संकरी हो जाने की वजह से वाहन धीरे धीरे चलते हैं और उनके पीछे आने वाले वाहन रुक जाते हैं इसकी वजह से ट्रैफिक जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है और यात्रियों को इसकी वजह से बहुत सी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसके साथ ही अवैध पार्किंग, अतिक्रमण के कारण ट्रैफिक जाम की समस्या को मध्यनज़र रखते हुए अवैध पार्किंग करने वाले ऑटो चालकों, वाहनों के ई-चालान एवं पोस्टल चालान सहित कुल 155 चालान किये गये हैं तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 463 वाहन चालकों के चालान किए गए हैं।

पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि दुकानदार सड़क पर सामान लगाकर अतिक्रमण न करें या जहां से अतिक्रमण हटा दिया गया है। वहां पर दोबारा से समान न लगाएं अन्यथा उनके खिलाफ कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### बसंत पंचमी के दिन बटुक ब्रह्मचारियों का यज्ञोपवीत संस्कार संपन्न




Faridabad/Alive News

सेक्टर 44 स्थित श्री सिद्धदाता आश्रम में संचालित स्वामी सुदर्शनाचार्य संस्कृत वेद वेदांग महाविद्यालय एवं स्वामी सुदर्शनाचार्य संस्कृत वेद विद्यालय के 17वां स्थापना दिवस पर सरस्वती पूजन हुआ।

आज बसंत पंचमी होने से भी विद्यार्थियों में अतिरेक जोश नजर आ रहा था। इस अवसर पर वाग्देवी सरस्वती पूजन, वेद भगवान पूजन, 19 बटुक ब्रह्मचारियों का यज्ञोपवीत संस्कार कराया गया। इसके बाद महाविद्यालय के चेयरमैन श्रीमद जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य महाराज ने ब्रह्मचारियों को ब्रह्म गायत्री मंत्र दीक्षा व आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर गुरु महाराज ने कहा कि संस्कृत हमारी संस्कृति की रक्षक है। संस्कृत के प्रचार प्रसार से ही हमारी संस्कृति पल्लवित पोषित होती रही है। इसी के लिए हमारे ऋषि मुनियों ने गुरुकुलों की स्थापना की। हम भी संस्कृत के प्रचार प्रसार के लिए महाविद्यालय चला रहे हैं। जिससे हमारों बच्चे लाभांवित हो रहे हैं। इसके बाद उन्होंने लक्ष्मीनारायण दिव्यधाम में भी बंसत पंचमी के उपलक्ष्य में विशेष पूजन किया।

इस अवसर पर अधिष्ठाता अनंतश्री विभूषित इंद्रप्रस्थ एवं हरियाणा पीठाधीश्वर श्रीमद जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य महाराज ने माँ सरस्वती का सविधि पूजन किया। गौरतलब है कि आश्रम में स्थापना काल से ही बसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती का पूजन किया जाता रहा है। आज बसंत पंचमी के दिन हजारों की संख्या में भक्तगण आश्रम पहुंचे और मंदिर में माथा टेक कर गुरु महाराज से आशीर्वाद लिया। इसके बाद सभी भक्तों को प्रसाद एवं आशीर्वाद भी प्रदान किया वहीं सभी ने आयोजित विशाल लंगर में भी प्रसाद प्राप्त किया।

### मानव संस्कार स्कूल में की गई ज्ञान और कला की देवी मां सरस्वती की पूजा



Faridabad/Alive News

मानव संस्कार स्कूल के प्रांगण में वसंत पंचमी के अवसर पर ज्ञान और कला की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। अवसर के दौरान समस्त छात्र-छात्राओं, अध्यापक अध्यापिकाओं ने मंत्रों उच्चारण के साथ माता का आह्वान करते हुए मां सरस्वती को पुष्प अर्पित किए और आरती की।

इसके अतिरिक्त सभी बच्चों ने मां सरस्वती से विद्या व ज्ञान प्राप्ति की कामना की। स्कूल के प्रबंधक योगेश शर्मा व प्रधानाचार्य ने सभी बच्चों को बताया कि सर्दियों मे पेड़ से पुराने पत्ते गिरकर, बसंत में नए पत्ते आते हैं।

उसी तरह हमें भी पुरानी बुरी आदतों को त्याग कर नई अच्छी चीज़े सीखने का प्रयास करना चाहिए। प्रकृति से सीख लेकर ज्ञान की ज्योति जलाकर, एक अच्छा इंसान बनने का संकल्प लेना चाहिए।

# फरीदाबाद हाफ मैराथॉन में दौड़ेंगे हजारों धावक : डीसी

Faridabad/Alive News

फरीदाबाद में 3 मार्च को मैराथॉन नाम से एक बड़ा इवेंट होने जा रहा है। इस इवेंट में अलग-अलग श्रेणियों में हजारों धावक हिस्सा लेंगे। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल फरीदाबाद मैराथॉन में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करेंगे। डीसी विक्रम सिंह ने वीरवार को लघु सचिवालय के कांफ्रेंस हॉल में प्रेस वार्ता को संबोधित किया।

उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि दिल्ली और मुंबई जैसे देश के प्रमुख शहरों में आयोजित होने वाले ऐसे आयोजनों की तर्ज पर फरीदाबाद हॉफ मैराथॉन भी औद्योगिक महानगर का एनुअल इवेंट होगा। फरीदाबाद मैराथॉन में भागीदारी के लिए हजारों की संख्या में प्रोफेशनल रनर्स ने फरीदाबाद हॉफ मैराथॉन डॉट कॉम पर अपना




पंजीकरण करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह रजिस्ट्रेशन 29 फरवरी तक करवाया जा सकता है। मैराथन का शुभारंभ सूरजकुंड परिसर से होगा और यह शहर के बड़खल मोड़ से वापिस जाएगी।

विभिन्न श्रेणियों में विजेताओं को नगद इनाम से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 21 किलोमीटर ओपन केटेगरी में हॉफ मैराथन में प्रथम स्थान पर आने वाले विजेता को 1 लाख 50 हजार, द्वितीय विजेता को 1 लाख व तीसरे स्थान पर आने वाले विजेता की 75 हजार के नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही 5 किलोमीटर की फन मैराथॉन का आयोजन जिसमें बच्चें युवा और सीनियर सिटीजन भाग ले सकते है। डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि फरीदाबाद में यह अपने आप में पहला ऐसा बड़ा कार्यक्रम होगा जिसमें मैराथॉन में आए रनर्स में जोश व रोमांच भरने के लिए राष्ट्रीय स्तर के कलाकार अपनी लाइव परफॉर्मेंस देंगे। इसके साथ ही इस आयोजन में गुरूग्राम स्थित सभी यूनिवर्सिटी व सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों के कक्षा 11 व कक्षा 9 के बच्चों को भी इसमें सहभागी बनने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

मैराथॉन में सहभागी बनने के इच्छुक नागरिक फरीदाबाद मैराथॉन डॉट कॉम पर अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदक को मोबाइल नंबर व ईमेल आईडी से रजिस्ट्रेशन करना होगा जिस पर उन्हें ओटीपी प्राप्त होगा। इसके उपरांत उसे अपनी पर्सनल जानकारी व अन्य जानकारी भरनी होगी। मीटिंग में एडीसी आनंद शर्मा, डीआईपीआरओ राकेश गौतम सहित कई वरिष्ठ पत्रकार और छायाकार बंधू मौजूद थे।

## नेहरू कॉलेज में हुआ इलेक्ट्रॉनिक वर्कशॉप का आयोजन



Faridabad/Alive News

नेहरू कॉलेज में कॉलेज प्राचार्या डॉ. रुचिरा खुल्लर के मार्गदर्शन में BIS डायरेक्टर के सानिध्य से दो दिवसीय नेशनल लेवल हैंड्स ऑन इलेक्ट्रॉनिक वर्कशॉप का आगाज भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्ष कन्वेनर डॉ. पारुल जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में साइंटिस्ट डी मिस्टर अर्नोव ने सबको BIS के बारे में विस्तार से बताया। BIS की डायरेक्टर मस विभा रानी ने सबको स्वच्छता के बारे में बताया वा छात्र गानों को प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम की सह-संयोजक डॉक्टर नीतू सोरोत ने कार्यक्रम में अहम भूमिका निभाई। प्राचार्या डॉ रुचिरा खुल्लर ने भौतिकी विभाग के कार्यक्रम का आयोजन करने के लिए बहुत बधाई दी व आगे भी करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में एमएससी के बच्चों ने बहुत अहम भूमिका निभाई। बच्चों में बहुत ही रुचि से वर्कशॉप के महत्वपूर्ण पहलुओं को सीखा आने वाले दूसरे दिन के लिए बहुत उत्सुकता दिखाई।

कार्यक्रम में डॉ. सबीना, डॉ. कमला चौधरी, डॉ. मोनिशा चौधरी, डॉ कमल, डॉ राजेश, भौतिकी विभाग से डॉ देवेंद्र, डॉ नीनू, डॉ उमा, डॉ रिम्पी, सरिता, ज्योति, डॉ. अन्नू खन्ना, श्रुति मौजूद रहे। इसके आगाज में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## थैलेसीमिक बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन, प्रदान की दवाईयां व उपहार

Faridabad/Alive News

बुधवार को मानव भवन सेक्टर-10 में प्रमुख समाजसेवी कैलाश शर्मा व उनकी धर्मपत्नी मधु ने अपना जन्मदिन थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों के साथ हर्षोल्लास से मनाया। इस अवसर पर बच्चों को तिलक लगा कर उनका सम्मान किया गया।कैलाश शर्मा और मधु ने सभी बच्चों को मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर एमवीएन स्कूल के विद्यार्थियों के सहयोग से फाउंडेशन अगेंस्ट थैलासीमिया ने निशुल्क दवाईयां व रक्त चढ़ाने के लिए फिल्टर दिए गए।

फाउंडेशन के महासचिव रविंद्र डूडेजा ने कहा है कि कई समाजसेवी व विशिष्ट व्यक्ति अपना जन्मदिन इन बच्चों के साथ मनाते हैं और उनको दवाई, मिठाई, गिफ्ट आदि प्रदान करके उनका हौसला बढ़ाते हैं। मानव सेवा समिति के अध्यक्ष व प्रमुख



समाजसेवी कैलाश शर्मा,उनकी धर्मपत्नी मधु का जन्मदिन प्रेम दिवस 14 फरवरी व बसंत पंचमी के दिन होता है आज दोनों ने अपना जन्मदिन थैलेसीमिया बच्चों के साथ मना कर सराहनीय कार्य किया है सभी को ऐसा कार्य करना चाहिए।

इस शुभ अवसर पर फाउंडेशन के प्रधान बी दास बत्रा, वरिष्ठ सदस्य जेके भाटिया, सुरेंद्र डूडेजा, सोमनाथ, चेयरमैन महिला मंडल उषाकिरण शर्मा, महिला सदस्य राज राठी, कुसुम वशिष्ठ, परमेश्वरी, रिचा भारद्वाज, प्रतिमा गर्ग, सुषमा के एल दुआ, राखी वर्मा, राजेन्द्र गोयनका, जितिन नंद प्रकाश,मनोज सिंगला धीरज शर्मा आदि मौजूद रहे।

## जीवा स्कूल में परंपरागत ढंग से की गई सरस्वती पूजा

Faridabad/Alive News

सैक्टर-21बी स्थित जीवा पब्लिक स्कूल में पूरी श्रद्धा एवं परम्परा के साथ बंसत पंचमी के अवसर पर सरस्वती पूजन किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के अध्यक्ष ऋषिपाल चौहान उपाध्यक्षा चंद्रलता चौहान एकेडमिक एंड एक्सिलेंस हेड मुक्ता सचदेव ने माता सरस्वती की पूजा की। तदुपरांत स्कूल के सभी अध्यापकगण सरस्वती पूजन में शामिल हुए और मां सरस्वती से आशीर्वाद प्राप्त किया। स्कूल की संगीत अध्यापिका गुरमीत ने भजन भी प्रस्तुत किया। देवी सरस्वती के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई और बताया गया कि देवी सरस्वती ज्ञान व विद्या की देवी हैं सभी के लिए देवी सरस्वती का आशीर्वाद प्राप्त करना आवश्यक है शिक्षा एवं ज्ञान से ही मनुष्य अपने जीवन में उच्च शिखर तक पहुंच पाता है। सरस्वती जी अपने भक्तों के



जीवन का अंधकार दूर करके उन्हें प्रकाश की ओर ले जाती है। देवी सरस्वती को विद्याए संगीत और समस्त कलाओं की देवी कहा गया है। वह संगीत शास्त्र की अधिष्ठात्री देवी मानी जाती हैं। ताल, लय, स्वर, रागिनी इत्यादि इन्हीं की कृपा से प्राप्त होती हैं। माना जाता है कि संसार में जितनी भी कलाएँ हैं उनकी कृपा से ही सिद्ध होते हैं। उनके हाथों में वीणा इसी ओर इंगित करती है कि उन्हें वीणा अत्यधिक प्रिय हैए इसीलिए उन्हें वीणावादिनी भी कहा जाता है।

इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष ऋषिपाल चौहान ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को अपने कर्मों के प्रति सचेत रहना चाहिए। हमारे कर्म धर्म के अनुसार होए यदि हम अपने कार्य धर्म के अनुसार करते हैं तो हम अवश्य ही सफलता प्राप्त करते हैं और यदि कभी असफल भी होते हैं तो हमें घबराना नहीं चाहिए। उपाध्यक्षा चंद्रलता चौहान एवं एकेडमिक एंड एक्सिलेंस हेड मुक्ता सचदेव ने सभी छात्रों एवं अध्यापकों को बंसत पंचमी की शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर हेड ऑफ स्पेशल प्रोग्राम एंड ट्रेनिंग जयवीर सिंह भी उपस्थित रहे और उन्होंने भी कहा कि मनुष्य के कर्मों का प्रभाव उसके साथ साथ परिवार पर भी पड़ता है इसलिए हमें बहुत सोचसमझकर कार्य करने चाहिए।

## अनुराग ठाकुर लोकसभा में करें तो सही और नीरज शर्मा करें तो ग़लत

Faridabad/Alive News

जैसे जैसे विधानसभा सत्र का समय नज़दीक आ रहा है विधायक नीरज शर्मा और विधानसभा अध्यक्ष के बीच चिट्ठियों की जंग शुरू हो गई है। कल जहां विधायक नीरज शर्मा ने विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर अपने कपड़ों पर स्थिति स्पष्ट करने के लिए कहा था, साथ ही यह भी पूछा था कि जो चोला उन्होनें पहन रखा है कृपया विधानसभा अध्यक्ष बिंदुवार बताएं कि उसमें विधानसभा अध्यक्ष को क्या आपत्ति है।

नीरज शर्मा का कहना था कि कहीं-कहीं तो विधानसभा में विधायक, सांसद, सिर्फ़ धोती और गमछा पहनकर आते हैं और वह आपको एक भाजपा के वरिष्ठ सांसद एवं केन्द्र में मंत्री अनुराग ठाकुर की फ़ोटो भेजी, जिसमें उनके कपड़ों पर लिखा है नमो अगेन और हेट्रिक भाजपा। नीरज शर्मा ने कहा कि उनका वस्त्र जो उनके शरीर को पूरा ढक लेता है कैसे सदन की मर्यादा को भंग करता है। उनके वस्त्र पर जय सिया राम लिखा है और स्वास्तिक चिह्न बना है कोई असंसदीय शब्द नहीं लिखा है तो फिर उन्हें क्यों सदन में जाने से रोक जा रहा है।

इसके जवाब में विधान सभा अध्यक्ष कार्यालय से विधायक नीरज शर्मा को भेजे गए जवाब में कहा गया है कि हरियाणा विधानसभा की सदस्यों पियोगी पुस्तक काम में अध्याय दो में विधानमंडल के अंदर विधायकों के लिए आचार संहिता शिष्टाचार के सामान ने नियमों के नियम निम्नलिखित हैं नियम 14 में वर्णित है कि सदन में किसी तरह का बल्ला धारणा नहीं करेगा नियम 16 में वर्णित है कि सदन में झंडा चिन्ह



या प्रदर्शनी नहीं लगाएगा तथा संसदीय पद्धति और प्रक्रिया के अध्याय 12 में सदस्यों के आचरण में सभा में मर्यादा और गरिमा बनाए रखने के लिए सदस्यों को किसी भी प्रकार की उलघंता नहीं करनी चाहिए। इस पत्र में विधायक नीरज शर्मा को कहा गया है कि अध्यक्ष के निर्देशानुसार उनसें अनुरोध है कि यदि वह उपरोक्त मर्यादा का पालन करेंगे तो उनकों ही सुविधा होगी अन्यथा यदि सत्र के दौरान उनके पहनावे में उपरोक्त नियमों का उल्लंघन होगा तो परिसर में उनके प्रवेश को बाधित करने के लिए विधानसभा सचिवालय को बाध्य होना पड़ेगा। यह पत्र पाने के बाद विधायक नीरज शर्मा ने एक ओर पत्र तुरंत विधानसभा अध्यक्ष को लिखा है जिसमें विधायक नीरज शर्मा ने बताया है कि सदन में किसी तरह का बिल्ला धारणा नहीं करेगा उसी के विषय में वह कहना चाहते है, कि उनके कपड़ों पर किसी प्रकार का कोई बिल्ला नहीं है, सदन में झंडा चिन्ह यह प्रदर्शनी नहीं लगाए गये है।

उसके संदर्भ में वह बताना चाहते है कि उनके कपड़ों पर कोई प्रदर्शनी नहीं है सिर्फ़ सियाराम का नाम एवं स्वास्तिक का निशान रामायण की चौपाई हैं और कबीर के दोहे हैं। इस पर नीरज शर्मा ने कहा कि इसलिए कृपया स्पष्ट रुप से बता दें कि प्रभु का नाम लिखा रहने देना है या नहीं और अगर कोई प्रदर्शनी जैसी चीज़ लगेगी तो वह ज़रूर हटा लेगे।

## अमेरिका से आए बच्चों ने सिद्धदाता आश्रम में धारण किया यज्ञोपवीत

Faridabad/Alive News

अमेरिका में रहने वाले ज्योतिष और अमन ने आज श्री सिद्धदाता आश्रम में अपना यज्ञोपवीत संस्कार करवाया है। दोनों चचेरे भाई हैं और दोनों बहुत प्रसन्न नजर आते हैं। आश्रम के अधिपति अनंतश्री विभूषित इंद्रप्रस्थ एवं हरियाणा पीठाधीश्वर श्रीमद जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य महाराज ने दोनों के कान में गायत्री मंत्र देकर यज्ञोपवीत की विधि पूर्ण की। दोनों बच्चों ने सनातन पद्धति से हवन किया और भविष्य में सभी व्यसनों से दूर रहने और परंपरागत रूप से गुरु का वरण किया। दिनेश अमेरिका में रहते हैं और वहीं कैट से विवाह किया। उनके दो बच्चे हैं ज्योतिष और जैस्मीन। दिनेश एक दशक से अधिक समय से फरीदाबाद स्थित श्री सिद्धदाता आश्रम आते हैं और यहां से दीक्षा ले रखी है। उन्हें लगा कि अमेरिकी संस्कृति में रहने हुए भी अपनी सनातन धर्म की परिपाटी अच्छी है तो बेटे ज्योतिष के यज्ञोपवीत का निर्णय लिया। उनके छोटे भाई आशीष ने भी अपने बेटे अमन का यज्ञोपवीत साथ कराने का निर्णय लिया। आशीष मुंबई में ही रहते हैं। आज दोनों के परिवार आश्रम पहुंचे और विधि विधान से यज्ञोपवीत धारण किया। सभी के चेहरों पर प्रसन्नता और सुकून था। कैट ने कहा कि वह अपने बच्चों को इस नए रूप में देखकर बहुत खुश हैं। वहीं ज्योतिष स्वयं भी बहुत दिव्य महसूस कर रहे हैं। अमन ने कहा कि वह आगे सनातन परंपरा को निभाने का प्रयास करेंगे। जैस्मीन दोनों भाइयों को देखकर बहुत प्रसन्न थीं। उन्होंने कहा कि ऐसा मैंने पहले कभी नहीं देखा था।

## वार्ड-6 में सीवर ओवरफ्लो और पीने के पानी को लेकर मची हा-हाकार

Nidhi Kushwaha/Alive News

**फरीदाबाद :** वार्ड-6, महादेव पॉकेट में सीवर ओवरफ्लो का पानी गलियों में भरा हुआ है। आसपास रहने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गली में पानी जमा होने के कारण बच्चे व बुजुर्ग घरों के अंदर कैद होने पर मजबूर हैं। वहीं पानी से उठ रही बदबू के चलते लोगों का घरों में रहना मुश्किल हो गया है। इसकी शिकायत निगम आयुक्त को दी हुई है बावजूद इसकी तरफ किसी अधिकारी का ध्यान नहीं जा रहा है। इसकी वजह से आमजन को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

नगंला रोड़ के पास ही पार्क बनाने को लेकर प्रशासन ने शुरुआत कर दी है, यहां तक की उसकी दीवारे भी बनवा दी हैं। लेकिन उसका अधूरा निर्माण पड़ा है, वह डेवलप ही नही हुआ है। डेवलप न होने के कारण वह मैदान खाली पड़ा है। इस वजह से वहां रहने वाले आसपास के लोग व मार्केट के लोगों ने उस मैदान में अपनी पार्किंग शुरु की हुई है जो की बिना किसी परमिशन के सरकारी ज़मीन पर अवैध पार्किंग करते है। उसी के पास में ही एक कम्यूनिटी







सेंटर है जिसकी दीवारें भी तैयार है पर निर्माण कार्य अभी भी अधूरा पड़ा है।

नगर निगम के द्वारा ट्यूबवेल्ल बोर किये गये है उससे वहां रहने वाले लोगों को रोज़मर्रा के कार्यों के इस्तेमाल के लिए पानी तो मिल रहा है, लेकिन पीने का पानी अभी भी उन्हें खरीदकर पीना पड़ रहा है। हालांकि वार्ड में रेनीवेल का पानी बुस्सेटर तक जरुर पहुंच रहा है पर वहां की आबादी के कारण वह पानी सबको पूरा नहीं मिल पा रहा। जिसकी वजह से लोगों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। एक तरफ प्रधानमंत्री का नारा भी हर घर नल, हर घर जल यहा फेल हो रहा है।

**क्या कहना है स्थानियें निवासियों का**

यह समस्या पिछले 9 सालों से बनी हुई हैं। पानी निकासी के लिए इस एयर फोर्स नाले से होकर निकलता है। जब से ये नाला निर्माण किया गया है, इस नाले की नगर निगम द्वारा सफाई नहीं की गई है जिसकी वजह से ये नाला भर चुका है। इसकी वजह से नालियों का पानी है वह वापस घरों एंव सड़को पर बैक मार रहा है। इसकी वजह से गलियों में पानी भरा रहता है।

**-गायत्री देवी, स्थानीय निवासी**

वार्ड में एक कम्यूनिटी सेंटर सरकार व्दारा निर्माण करना शुरु किया गया था जो अभी तक अधूरा पड़ा है। इस अधूरे कम्यूनिटी सेंटर को अब असमाजिक तत्वों ने अपना शराब का अड्डा बनाया हुआ है।

**-नीमा, स्थानीय निवासी**

यहां पानी भी 3 से 4 दिन के बाद आता हैं। लोग पुरी तरह से प्राइवेट टैंकरों पर निर्भर है व आरो के अवैध प्लांट लगे हुए है उन पर वहां के लोग निर्भर है। यहा पर पूरी तरह पानी माफिया का बोल बाला है। ऐसे में सरकार को गरीब लोगों के लिए पीने के पानी की सपलाई को बढ़ाना चाहिए।

**-समीना, स्थानीय निवासी**

**क्या कहना है अधिकारी का**

सीवर की समस्या को लेकर वार्ड में सफाई के टेडर फिर से किये जाएगे क्योकि पहले वाले ठेकेदार कम्पनी ने सफाई का काम सही से नहीं किया था उसका ठेका केसिल किया जा रहा है। पानी की समस्या को लेकर बुस्टर की मोटर ठीक कराई जा रही है। अग्रवाल पानी की टंकी वाले क्षेत्र को पुरी तरह से कंवर करने के लिए टेडर किया जा रहा ताकि खाली क्षेत्र पार्किंग न बने। कम्युनिटी सेंटर अधूरा निर्माण ठेकेदार की लापरवाही से है, जिसको निगम ने ब्लैकलिस्टीड कर दिया है। ठेकेदार इस मामलें को लेकर कोर्ट में पहुंच गया है।

**-पद्मभूषण, कार्यकारी अभियन्ता नगर निगम।**

# Editorial

ALIVE NEWS
E-mail : alivenews30@ gmail.com
website: www.alivenews.co.in

## किसान संगठनों ने पंजाब के आम किसानों के दीर्घकालिक हितों को दांव पर लगा दिया है



दिल्ली चलो का आह्वान करने वाले लोग खुद को किसानों का नेता बताते हैं लेकिन सवाल उठता है कि यह आखिर कैसे नेता हैं जो किसानों का भला नहीं चाहते। सरकार ने वर्तमान आर्थिक परिदृश्यों में एक बेहतर प्रस्ताव दिया। इस प्रस्ताव को तैयार करते समय सरकार ने पंजाब के किसानों की दिक्कतों का खासतौर पर ध्यान रखा लेकिन फिर भी उसे ठुकरा दिया गया। देखा जाये तो खुद को किसान नेता कहने वाले लोगों ने सरकारी एजेंसियों द्वारा पांच साल तक दाल, मक्का और कपास की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर करने के केंद्र के प्रस्ताव को खारिज कर किसानों के हितों को बहुत बड़ा धक्का पहुँचाया है।

पहले जरा सरकार के प्रस्ताव पर नजर डालते हैं फिर आपको बताएंगे कि कैसे यह पंजाब के किसानों के हित में था। हम आपको बता दें कि किसानों के साथ चौथे दौर की बातचीत के बाद केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा था कि राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ और भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ जैसी सहकारी समितियां 'अरहर दाल', 'उड़द दाल', 'मसूर दाल' या मक्का का उत्पादन करने वाले किसानों के साथ एक अनुबंध करेंगी ताकि उनकी फसल को अगले पांच साल तक एमएसपी पर खरीदा जाए। उन्होंने कहा था कि खरीद की मात्रा की कोई सीमा नहीं होगी और इसके लिए एक पोर्टल विकसित किया जाएगा। मंत्री पीयूष गोयल ने यह भी प्रस्ताव दिया था कि भारतीय कपास निगम उनके साथ कानूनी समझौता करने के बाद पांच साल तक किसानों से एमएसपी पर कपास खरीदेगा।

अब जरा समझिये यह प्रस्ताव किसानों के हित में कैसे था। दरअसल गेहूं और धान की फसलों में सर्वाधिक पानी लगता है। पंजाब उन राज्यों में शुमार होता जा रहा है जहां जल संकट धीरे-धीरे बढ़ रहा है। बड़े किसानों के पास तो फिर भी संसाधन हैं मगर एक छोटे किसान के लिए हाल के वर्षों में भूजल निकालने की लागत बढ़ गयी है इसलिए यदि यह किसान उन फसलों की ओर मुड़ते जिनमें पानी की अधिक खपत नहीं होती तो उनकी लागत कम हो जाती। सरकार चाहती है कि गेहूं और धान से अलग फसलें उगाकर किसान विविधता लायें। इसके लिए सरकार उनको पांच साल तक पूरी मदद की गारंटी भी दे रही थी। देखा जाये तो सरकार का यह प्रस्ताव पंजाब के लिए आदर्श था, जहां भूजल स्तर चिंताजनक रूप से कम हो गया है।

आंकड़ों के जरिये समझायें तो आपको बता दें कि इस समय पंजाब के अधिकांश क्षेत्र में गेहूं और धान की खेती (2020-21 में 85त्न) होती है। पंजाब में कपास, दालों और मक्का के लिए पारिस्थितिकी तंत्र (बाजार, खरीदार, रसद, इनपुट आपूर्ति, आदि) उतना सशक्त नहीं है इसलिए सरकार किसानों को अपने समर्थन की गारंटी देना चाह रही है। अभी के संदर्भ में देखें तो मक्का 1.5त्न, कपास 3.2त्न और दालों की केवल 0.4त्न खेती हो रही है। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि किसान यदि इन फसलों की ओर बढ़ते हैं तो नये बाजार खुलेंगे। साथ ही किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए निजी क्षेत्र में भी बड़े खरीददार मिलेंगे।

देखा जाये तो केंद्र के प्रस्ताव को अस्वीकार करके, किसान संगठनों ने अपने अल्पकालिक हितों के लिए पंजाब के आम किसानों के दीर्घकालिक हितों को दांव पर लगा दिया है। गेहूं और धान से दूर जाने की अनुमति नहीं देकर ये यूनियनें न केवल किसानों को नए बाजार तलाशने से रोक रही हैं, बल्कि भूजल तनाव भी बढ़ा रही हैं। इस सबसे यकीनन किसानों के लिए इनपुट लागत बढ़ जाएगी। जहां तक बात इन कृषि यूनियनों की है तो हमको यह भी समझना होगा कि इनमें ज्यादातर मंडियों में काम करने वाले दलाल और आढ़ती शामिल हैं। यह लोग सिर्फ अपने भारी कमीशन को प्राथमिकता दे रहे हैं ना कि किसानों के हितों को। हम आपको बता दें कि एपीएमसी मंडियों में गेहूं और धान के व्यापार से दलाल और आढ़ती बड़ी रकम कमाते हैं। बहरहाल, कुल मिलाकर देखा जाये तो यह आंदोलन पंजाब के किसानों के हितों के लिए नहीं बल्कि बिचौलियों के कमीशन को सुरक्षित रखने के लिए चलाया जा रहा है।

—नीरज कुमार दुबे

## जलवायु जागरुकता पर एमिटी छात्रों की फिल्म 'दी नेक्स्ट लेसन'



तिलक राज शर्मा
संपादक

**उत्तर प्रदेश में मुख्य रूप से चार कारणों बाढ़, आसमानी बिजली, सर्पदंश और पानी में डूबने के कारण मृत्यु होती हैं। यदि इनसे बचाव के तरीकों को अपनाया जाए तो इनमें कमी आ सकती है। उन्होने कहा कि सरकार इस दिशा में क्या कदम उठा रही है इसके बारे में भी लोगों तक जानकारी पहुंचनी चाहिए। उन्हानें सरकार के डिजास्टर रिलीफ विभाग के टोल फ्री नम्बर 1070 के बारे में बताते हुए कहा कि किसी भी आपदा के समय इस नम्बर पर फोन करके सहायता पाई जा सकती है।**

धरती के वातावरण में पर्यावरण प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन के करण होने वाले बदलाव अब खतरनाक रूप लेते जा रहे हैं। धरती पर जीवन फलता-फूलता रहे इसके लिए त्वरित प्रभावी प्रयास करने होंगे।

क्लाइमेट चेंज पर जन जागरूकता के लिए प्रमुख जन संचार संस्थानों में से एक एमिटी स्कूल ऑफ कम्युनिकेशन (एएससीओ) और क्लाइमेट ट्रेंड्स, नई दिल्ली ने संयुक्त प्रयास के तहत एक छात्र फिल्म निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता जलवायु प्रभाव, ऊर्जा दक्षता, इलेक्ट्रिक मोबीलिटी, वायु गुणवत्ता, रिन्यूएबल एनर्जी, स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था, मिशन लाइफ, कार्बन फुटप्रिंट, रिड्यूसड कन्जम्सन, लोकल सोर्सिंग और जीरो वेस्ट सहित महत्वपूर्ण विषयों पर केंद्रित थी।

प्रतियोगिता में 12 फिल्मों की प्रविष्टियां शामिल हुईं जिनमें विजेता फिल्मों की स्क्रीनिंग और पुरस्कार वितरण के लिए आज एमिटी विश्वविद्यालय लखनऊ परिसर में 'फिल्म फेस्टिवल अवार्ड सेरेमनी' का आयोजन किया गया।

इस आयोजन में कार्यक्रम का शुभारम्भ आमंत्रित अतिथि सचिव राजस्व और राहत आयुक्त जी.एस. नवीन कुमार (आईएएस) और प्रख्यात थिएटर कलाकार और फिल्म अभिनेता डॉ. अनिल कुमार रस्तोगी, उप-प्रति कुलपति एमिटी विवि लखनऊ परिसर सेवानिवृत्त विंग कमांडर डा. अनिल कुमार, निदेशक एमिटी स्कूल ऑफ कम्युनिकेशन (एएससीओ) प्रोफेसर संजय मोहन जौहरी और रणनीतिक सलाहकार, क्लाइमेट ट्रेंड्स, निशांत सक्सेना ने दीप प्रज्जवलन की पारम्परिक रस्म के साथ किया। आयोजन में निशान्त सक्सेना की दो किताबों का विमोचन भी हुआ।

पहली किताब जलवायु परिवर्तन पर इनकी अंग्रेज़ी कविताओं का संकलन है और दूसरी किताब, एक शब्दकोश है जो हिन्दी पत्रकारों के लिए जलवायु परिवर्तन के कवरेज को सुगम बनाने के इरादे से लिखी गई है।

अतिथियों का स्वागत करते हुए उप प्रति कुलपति विंग




कमांडर डा. अनिल कुमार ने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण आज का सबसे ज्वलंत मुद्दा है जिसपर बिना समय गंवाए काम करने की आवश्यकता है।

मुख्य अतिथि जी.एस. नवीन कुमार (आईएएस) ने कहा कि हम शिक्षा के एक सेट पैटर्न पर एजूकेट तो हो जाते हैं पर जीवन के लिए मूल जीवन कौशलों से अनभिज्ञ ही रह जाते हैं। उन्होंने कहा कि पहले तो हमें पर्यावरण की रक्षा और सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाने होंगे साथ ही क्लाइमेट चेंज के कारण आने वाली आपदाओं के दौरान जीवन रक्षा के लिए जरूरी कौशल भी सीखने होंगे।

जी.एस. नवीन कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश में मुख्य रूप से चार कारणों बाढ़, आसमानी बिजली, सर्पदंश और पानी में डूबने के कारण मृत्यु होती हैं। यदि इनसे बचाव के तरीकों को अपनाया जाए तो इनमें कमी आ सकती है। उन्होने कहा कि सरकार इस दिशा में क्या कदम उठा रही है इसके बारे में भी लोगों तक जानकारी पहुंचनी चाहिए। उन्हानें सरकार के डिजास्टर रिलीफ विभाग के टोल फ्री नम्बर 1070 के बारे में बताते हुए कहा कि किसी भी आपदा के समय इस नम्बर पर फोन करके सहायता पाई जा सकती है। आग, बिजली और पानी से बचने के तारीकों के बारे में, जीवन उपयोगी सीपीआर तकनीकि जैसे कौशल सीखने के लिए युवाओं को आगे आन चाहिए।

प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता डा. अनिल रस्तोगी ने विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई फिल्मों पर चर्चा करते हुए कहा कि जनजागरूकता के लिए फिल्में एक बड़ा औजार हैं क्यूकि आडियो विजुअल माध्यम द्वारा कही गई बात मन पर देरतक बनीं रहतीं हैं। उन्होने कहा कि फिल्म की मूल समाग्री है आईडिया या विचार जो कि इन छात्र फिल्मों में नजर आता है। उन्होने कहा कि सभी फिल्में बहुत ही शिक्षाप्रद बनीं है।

निदेशक एमिटी स्कूल ऑफ कम्युनिकेशन (एएससीओ) प्रोफेसर संजय मोहन जौहरी ने बताया कि विद्यार्थियों द्वारा छह महीने की अवधि में बनाई गईं फिल्मों का मूल्यांकन रोहित वत्स, राहुल मित्रा, जया भट्टाचार्य, पीपल बाबा, मिनस मृणाल और डॉ. अनिल रस्तोगी की जूरी द्वारा किया गया।

रणनीतिक सलाहकार क्लाइमेट ट्रेंड्स, निशांत सक्सेना ने 12 फिल्में प्रदर्शित होने के बाद उपस्थित लोगों से कहा कि लोगों के बीच सहानुभूति और व्यवहार में बदलाव लाना बेहद जरूरी है ताकि जलवायु परिवर्तन के जटिल मुद्दे के बारे में जागरूकता पैदा की जा सके। उन्होंने कहा कि ये फिल्में विषय के बारे में समझ पैदा करने में योगदान देंगी।

प्रतियोगित में शीर्ष स्थान पाने वाली फ़िल्मों में प्रथम विजेता 'द नेक्स्ट लेसन' जिसे 15,000 रुपये का प्रथम पुरस्कार मिला, प्रथम रनर अप लिटिल इज़ मोर रही जिसे 10,000 रुपये का पुरस्कार मिला, द्वितीय रनर अप हॉरर्स ऑफ़ टुमॉरो थी जिसे 7,500 रुपये मिले और सांत्वना पुरस्कार रीथिंक द बैग को मिला, जिसे 2,500 रुपये का पुरस्कर दिया गया। एएससीओ के छह संकाय सदस्यों, शिवांशु पाठक, नमिता पाठक, डॉ. नीलू शर्मा, मोहित शर्मा, अलीशा सैयदैन और अमित मैसी के मार्गदर्शन में साठ छात्रों ने फिल्म निर्माण प्रक्रिया में भाग लिया।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं अलाइव न्यूज के मुख्य संपादक है।)**

## "AI and Education: Charting New Waters"



Sarita
Student of Education
Rishihood University

The relevance of education persists as a driving force for personal and societal progress. AI, when used judiciously, can amplify the impact of education, providing tailored learning experiences and preparing students for a future we are yet to fully comprehend.

In today's dynamic world, the field of education is undergoing a transformative journey, challenging traditional norms and embracing new paradigms. The relevance of education has never been more critical, serving as a compass in guiding individuals through the complexities of our rapidly changing society. Education remains a cornerstone for personal growth, fostering essential skills and knowledge that empower individuals to navigate life's challenges. It goes beyond textbooks and classrooms, shaping character, instilling critical thinking, and nurturing creativity. In essence, education is the cornerstone of a thriving society.

As we stand on the cusp of technological advancement, Artificial Intelligence (AI) has become a formidable ally in the realm of education. AI's integration into the learning process has opened doors to personalized learning experiences, catering to individual needs and learning styles. This technological advancement has the potential to revolutionize education by making it more accessible and tailored to the unique strengths and weaknesses of each student. However, with this potential comes the challenge of striking a balance. The involvement of AI necessitates thoughtful consideration to ensure it complements, rather than replaces, the human touch in education.




The role of educators remains paramount, as they guide students through not just acquiring knowledge but also developing crucial social and emotional skills. In this changing landscape, educators must be adaptable and open to embracing new methodologies. Incorporating technology into classrooms can enhance the learning experience, preparing students for a future where digital literacy is indispensable.

In conclusion, the changing area of education is both a challenge and an opportunity. The relevance of education persists as a driving force for personal and societal progress. AI, when used judiciously, can amplify the impact of education, providing tailored learning experiences and preparing students for a future we are yet to fully comprehend. As an educationist, our task is to harness the potential of these changes to create an inclusive and dynamic educational environment that equips individuals to thrive in an ever-evolving world.

## विद्यार्थियों को नकल रहित परीक्षा की शपथ दिलाई



**Faridabad/Alive News**

नकल रहित वार्षिक परीक्षा हेतु गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा फरीदाबाद में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में जूनियर रेडक्रॉस, गाइड्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने विद्यार्थियों को शपथ दिलाई। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि नकल से पास की गई परीक्षा स्वयं विद्यार्थी के लिए हानिकारक है। नकल किसी के भी भविष्य को अंधकारमय बना देती है। नकल रहित परीक्षा से ही भविष्य संवर सकता है।

उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थी बिना किसी भी भय और दबाव के परीक्षाएं दें। परिश्रम के साथ अपनी तैयारी करें और शांत मन से परीक्षा को पूरा करें। परीक्षा के मध्य किसी भी प्रकार की नकल अथवा अनुचित साधनों से परीक्षा करने में सम्मिलित न हों। नकल रहित परीक्षा ही आपको जीवन में आगे बढ़ा सकती है। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि परीक्षा में आने वाले अंक किसी की प्रतिभा का एकमात्र प्रमाण नहीं है। प्रत्येक बच्चे की प्रतिभा भिन्न भिन्न होती है उसी प्रतिभा के अनुसार बच्चे अपने रुचिकर क्षेत्र में आगे बढ़ते हैं।

उन्होंने कहा कि अनुचित साधनों से परीक्षा में प्रश्नों को करने से विद्यार्थियों का भविष्य अंधकारमय बनता है। विद्यार्थियों को परीक्षा में किसी भी प्रकार के अनुचित साधनों का प्रयोग नहीं करना चाहिए। बच्चों को समझना होगा कि इन परीक्षाओं में अनुचित साधनों से उत्तीर्ण होने का तात्पर्य स्वयं ही अपने भविष्य को नष्ट करना है। अनुचित साधनों के प्रयोग से आप कभी भी आत्मविश्वास नही प्राप्त कर सकते। आवश्यकता है कि आप स्वयं के प्रति निष्ठावान रहें, आप की अपने कार्य के प्रति सत्यनिष्ठा ही आप को सुदृढ़ व्यक्तित्व का धनी बनाएगी और आप जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता अर्जित करेंगे।

प्राचार्य मनचंदा ने कहा कि वर्तमान युग कंपटीशन का युग है। डिजिटल भारत का विस्तार निरंतर बढ़ रहा है। ज्ञान के अभाव में प्रतियोगिता से पार पाना सरल नहीं है। अनुचित साधनों से रहित परीक्षा समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अनुचित साधन हमारे बच्चों के भविष्य के लिए एक अभिशाप है और इन्हें रोकने के लिए सबको मिलकर उपाय करने की बहुत आवश्यकता है। अनुचित साधनों को लेकर अभिभावकों को भी अपने बच्चों से बात करनी चाहिए और उन्हें उनके भविष्य को लेकर समझाना चाहिए।

सामूहिक और सामुदायिक प्रयासों से अनुचित साधनों से रहित परीक्षाएं संपन्न करवाना अधिक कठिन कार्य नहीं हैं। आज प्रातः प्रार्थना सभा में सभी छात्रों एवम छात्राओं ने शपथ ली कि वे किसी भी प्रकार के अनुचित साधनों का प्रयोग परीक्षाओं में नहीं करेंगे और नकल को समाप्त करने में पूर्ण सहयोग करेंगे ताकि प्रतिभा के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय न हो। अंग्रेजी प्राध्यापक जितेंद्र गोगिया, रविंद्र डी पी, सोनिया जैन, सुशीला बेनीवाल सहित सभी सदस्यों का नकल रहित परीक्षा के लिए छात्र छात्राओं को मोटिवेट करने में सराहनीय योगदान रहा।

## शहर की महत्वपूर्ण परियोजनाओं को समय पर पूरा कराना सुनिश्चित करें अधिकारी : डीएस ढेसी

**Faridabad/Alive News**

मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रधान सलाहकार (शहरी विकास) डीएस ढेसी ने कहा कि शहर में जितनी भी बड़ी विकास योजनाएं चल रही हैं वह महत्वपूर्ण हैं और आमजन से जुड़ी हुई हैं। ऐसे में सभी विभाग इनको समय पर पूरा करें और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्य के लिए कोई कोताही न बरतें ताकि किसी भी कार्य को पूरा करने में कोई दिक्कत न आए।

डीएस ढेसी मंगलवार को लघु सचिवालय में जिला फरीदाबाद की विभिन्न विभागों की विकास परियोजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में एफएमडीए के सीईओ ए. श्रीनिवास, उपायुक्त विक्रम सिंह, एचएसवीपी की प्रशासक डा. गरिमा मित्तल, अतिरिक्त उपायुक्त आनंद शर्मा सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।




मीटिंग में डीएस ढेसी ने कहा कि फरीदाबाद शहर के विकास को गति देने के लिए कई परियोजनाएं चलाई जा रही हैं। इसमें वर्ष 2031 की जनसंख्या को देखते हुए बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए विभिन्न परियोजनाओं को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जितनी भी योजनाओं को मंजूरी दी हैं और जो भी विकास योजनाएं चल रही हैं उन सभी को समय पर पूरा करें। उन्होंने क्रमश एफएमडीए, नगर निगम, एचएसवीपी, स्मार्ट सिटी सहित सभी विभागों की योजनाओं की क्रमश समीक्षा की।

मीटिंग में सड़कों के निर्माण व मरम्मत, जल आपूर्ति योजना का विस्तार, मास्टर सीवरेज योजना, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कर अपशिष्ट जल का उपचार, इंजीनियरिंग सहित कई विकास कार्यों पर चर्चा की गई। मीटिंग में दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस-वे, जेवर एक्सप्रेस-वे के निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई।

## CBSE 10वीं का हिन्दी पेपर रहा आसान तो स्टूडेंट्स के खिले चहरे

**Faridabad/Alive News**

सीबीएसई 10वीं कक्षा के स्टूडेंट्स ने बुधवार को हिंदी का एग्जाम दिया। परीक्षा सेंटर से बाहर निकलते स्टूडेंट्स के चेहरे खिले नजर आए। ब्लू बर्ड स्कूल के स्टूडेंट्स ने बताया कि हिंदी का पेपर आसान था। पूरा पेपर सलेब्स में से आया था। लेखन लंबा होने के कारण समय मैनेजमेंट बैठाने में स्टूडेंट्स को थोड़ी परेशानी हुई। लेकिन पेपर आसान होने के चलते स्टूडेंट्स ने समय मैनेज कर पेपर पूरा किया। 10वीं कक्षा का पहला एग्जाम था। स्टूडेंट्स को परीक्षा सेंटरों पर आधे घंटे पहले बुलाया गया। तलाशी के बाद परीक्षा सेंटर में उन्हें प्रवेश दिया गया। स्टूडेंट्स की प्रत्येक गतिविधि



पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी से निगरानी की गई। वहीं, सेंटर के आस पास धारा- 144 लागू रही।

**क्या कहा स्टूडेंट्स ने**

सिलेबस से बाहर कुछ भी नहीं था। सब कुछ सिलेबस से ही आया था। पेपर आसान आया था।

**-हर्षदीप, स्टूडेंट- सीनियर श्रीराम मॉडल हाई स्कूल।**

हिंदी का पहला पेपर काफी आसान रहा। राइटिंग सेशन काफी लंबा रहा। जितना पढ़ाया गया था, लगभग उसी से सारे प्रश्न आए थे। अच्छे नंबरों की उम्मीद है।

**-गौरव, स्टूडेंट-सीनियर श्रीराम मॉडल हाई स्कूल।**

पेपर काफी आसान रहा, जिससे ज्यादा परेशानी नहीं हुई। कुछ बड़े प्रश्नों की वजह से समय की थोड़ी कमी जरूर लगी। लेकिन कोई ऐसा प्रश्न नहीं था, जिसमें बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा हो।

**-मीनू, स्टूडेंट-सीनियर श्रीराम मॉडल हाई स्कूल।**

पहला पेपर काफी अच्छा रहा। तैयारी अच्छी रही। पेपर भी आसान रहा। पेपर को देखने के बाद केवल समय और राइटिंग पर फोकस रहा।

**-अदिति, स्टूडेंट-सीनियर श्रीराम मॉडल हाई स्कूल।**

## बेरोजगारी का इतना विकास हो गया कि आज खुद विकास बेरोजगार होकर बैठ गया है: नीरज शर्मा

**Faridabad/Alive News**

एनआईटी फरीदाबाद से विधायक नीरज शर्मा ने विधानसभा में राज्यपाल अभिभाषण पर बोलते हुए कहा कि इस बार के अभिभाषण पढ़कर मुझे थोड़ी हंसी भी आई क्योकि इस बार के अभिभाषण में कुल 102 बिंदु है जिसमें से 16 बिंदु सबका साथ सबका विकास है। यह कैसा सबका साथ सबका विकास है। मैं अपने क्षेत्र में मूलभूत कार्यो के लिए सरकार से सिर्फ 28 करोड़ मांग रहा हूं। आपके सामने मुख्यमंत्री एंव मंत्री ने 1 माह समय दिया था क्या हुआ उसका। आखिर यही तो है ना आपका सबका साथ सबका विकास।

इस बार के राज्यपाल के अभिभाषण के बिंदु नम्बंर 21 पर लिखा है गरीब अपनी बेटी के हाथ पीले करने में आर्थिक तंगी का सामना न करना पड़े. इसके लिए मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना में गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले अनुसूचित जातियों, विमुक्त जनजातियों और टपरीवास जातियों के परिवारों के लिए शगुन राशि 51 हजार रुपये से बढाकर 71 हजार रुपये की गई है। 02 माच 2022 के अभिभाषण के बिंदु नम्बंर 18 पर भी ऐसे ही लिखा है।

विधायक शर्मा ने कहा कि 2022 में जो राशि थी उसी का जिक्र इस बार के अभिभाषण में लिखने का क्या मतलब। 2 साल मे महगांई बढ़ गई लेकिन अभिभाषण मे राशि वही है। महगांई पर बोलते हुए सदन मे विधायक नीरज शर्मा का कहना था कि खाद्या प्रदाथों मे तेल के भाव इतने हो गए कि आज की तारिख में तेल सिर्फ शनि भगवान को नासीब हो रहा है क्योकि भगवान के आगे कोई नापता तोलता नही। बेरोजगारी पर बोलते हुए नीरज शर्मा जी ने बोला कि बेरोजगारी का हमारे हरियाणा में इतना विकास हो गया कि आज खुद विकास बेरोजगार होकर बैठ गया है।

Faridabad News

ALIVE NEWS
E-mail : alivenews30@ gmail.com
website: www.alivenews.co.in

## आशीर्वाद स्कूल के विद्यार्थी ने क्विज कंपटीशन में हासिल किया पहला स्थान



Faridabad/Alive News

37वे सुरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला परिसर में रोज स्कूली विद्यार्थियों के लिए अनेक विषयों पर प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई जा रही है । जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

विद्यार्थियों के हुनर को प्रदर्शित करने के लिए यह मेला एक मंच प्रदान कर रहा है। एसजीएम नगर के आशीर्वाद पब्लिक हाई स्कूल के विद्यार्थी अर्थव ने क्विज कंपटीशन में पहला स्थान प्राप्त किया, अर्थव को ट्रॉफी के साथ सर्टिफिकेट दिया गया।

इस मौके पर स्कूल की चेयरपर्सन साध्वी श्रीदेवी ने अर्थव को बधाई दी, व साथ ही विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया।

## कविता प्रतियोगिता में आनंद व आयुष ने मारी बाजी



Faridabad/Alive News

सुरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला परिसर में प्रतिदिन विद्यार्थियों की अलग-अलग विषयों की प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई जा रही हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को मेला में कविता व फ्लैग मेकिंग की जूनियर व सिनियर वर्ग की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।कविता प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में जीएमएसएसएस सेक्टर-55 फरीदाबाद के आनंद ने प्रथम, आइडियल पब्लिक स्कूल फरीदाबाद की सैमा ने द्वितीय, मॉडर्न स्कूल सेक्टर-17 फरीदाबाद की काव्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

वहीं कविता प्रतियोगिता के सिनियर वर्ग में मुरारी लाल सीनियर सैकेंडरी स्कूल फरीदाबाद के आयुष ने प्रथम, सैंट एंथोनी स्कूल फरीदाबाद के तनिष्ठ ने द्वितीय और जीजीएसएसएस गौंछी फरीदाबाद की पूजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।इसी प्रकार फ्लैग मेकिंग प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में कालका पब्लिक स्कूल सेक्टर-76 फरीदाबाद की प्राची गाबा व वंशिका ने प्रथम, सत्यम शिवम पब्लिक स्कूल फरीदाबाद के वंश, आदर्श व निशांत ने द्वितीय तथा आराध्य पब्लिक स्कूल फरीदाबाद के अमूल व नीतू ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

इसी क्रम में फ्लैग मेकिंग प्रतियोगिता के सिनियर वर्ग में मुरारी लाल सीनियर सैकेंडरी स्कूल फरीदाबाद के दीपक व आनंद ने प्रथम, इसी स्कूल फरीदाबाद के अंकित यादव व मोहित कुशवाहा ने द्वितीय तथा आइडियल पब्लिक स्कूल फरीदाबाद के बादल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र के साथ-साथ स्मृति चिन्ह देकर मौके पर सम्मानित भी किया गया।

## कर्मभूमि स्कूल के विद्यार्थियों ने विदाई समारोह में जमकर की मस्ती



Faridabad/Alive News

नंगला रोड के कर्मभूमि सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रविवार को विदाई समारोह का आयोजन एक निजी होटल में किया गया। कक्षा 11वीं के छात्रों ने 12वीं कक्षा के छात्रों को विदाई दी। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के दीप प्रज्वलित से हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जेजेपी के जिलाध्यक्ष कृष्ण जाखड़, जेजेपी नेता करामत अली, समाजसेवी आईएस जैन, सीए तेजेन्द्र भारद्वाज, मेट्रो हास्पिटल से डॉ सागर गुप्ता और डॉ श्वेता गुप्ता, इंस्पेक्टर जगबीर सिंह, सब इंस्पेक्टर ईश्वर सिंह पहुंचे।

समारोह के दौरान स्कूल के चेयरमैन नन्दराम पाहिल व अन्य अध्यापकों ने 12वीं कक्षा के छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। समारोह में 11वीं और 12वीं अन्य कक्षाओं के शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहें। स्कूल की प्रिंसिपल सहित अन्य ने विद्यार्थियों को परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया गया।

समारोह में उपस्थित जेजेपी जिला अध्यक्ष कृष्ण जाखड़ ने कहा कि वह सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते है। पूरे वर्ष की मेहनत और कठिन परिश्रम के बाद विद्यार्थी 12वीं कक्षा की परीक्षा देने जा रहे है और जीवन के एक नए पड़ाव पर अपने पैर रखने जा रहे है। जहां से अपने भविष्य को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकते है।

इसके अलावा सीए तजिंद्र ने कहा कि सफलता के रास्ते पर आपको कई गलत रास्ते भी मिलेंगे। आपको उन सभी रास्तों को छोड़कर अच्छे रास्तों पर बढ़ना है मैं आप सभी से यहीं आशा करता हूँ कि आप भविष्य में भी अपनी लगनता और मेहनत से अपना और अपने परिवार व इस विद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

इस अवसर पर इंग्लिश मीडियम ब्रांच से जनक सिंह रावत, हिन्दी मिडीयम ब्रांच की प्रधानाचार्या मुकेश मौजूद रहे।

## नेहरू कॉलेज में हुआ स्मार्ट फिजिक्स 3डी रूफ हैंगिंग प्रतियोगिता का आयोजन

Faridabad/Alive News

नेहरू कॉलेज में 12 फरवरी को प्राचार्य डॉक्टर रुचिरा खुल्लर के मार्गदर्शन में स्मार्ट फिजिक्स 3डी रूफ हैंगिंग एवम 3डी वॉल पोस्टर प्रतियोगिताओ का आयोजन भौतिकी विभाग के संयोजिका एवम विभागाध्यक्ष डॉक्टर पारुल जैन एवम सहसंयोजिका डॉक्टर नीनू सैनी, डॉक्टर उमा शेखावत, श्रुति वर्मा, सरिता त्यागी, ज्योति नरवत, रिंपी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में करीब 35 से 40 प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर प्रतियोगिता को सफल बनाया। 3डी रूफ हैंगिंग प्रतियोगिता में जज के रूप में डॉक्टर सबीना सिंह, डॉक्टर सुप्रिया ढिंनोडिया, डॉक्टर कमल कुमार, कुमारी अंकिता एवम 3डी वॉल पोस्टर प्रतियोगिता में जज के रूप में डॉक्टर कमला चौधरी, डॉक्टर प्रोमिला काजल, डॉक्टर शालिनी मल्होत्रा, डॉक्टर विवेकानंद ने अहम भूमिका निभाई। सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए और सर्वश्रेष्ठ तीन को सर्टिफिकेट और पुरुस्कार प्रदान किए गए।

## कोतवाल को डांट रहे चोरों को सुप्रीम कोर्ट ने किया बेनकाब : धर्मवीर भड़ाना

Faridabad/Alive News

भाजपा की जांच एजेंसियां एक साजिश के तहत आम आदमी पार्टी के नेताओं को परेशान कर रही हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल बेदाग़ हैं और भाजपा ने लाख प्रयास के बाद भी जब दिल्ली और पंजाब के चुनावों में मुँह की खाई तब इन्होने जांच एजेंसियों का दुरूपयोग करना शुरू कर दिया और एक साजिश के तहत दिल्ली के मंत्री सत्येंद्र जैन, उप मुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया और सांसद संजय सिंह को अपनी साजिश का शिकार बना लिया।

ये कहना है आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य धर्मवीर भड़ाना का जिन्होंने एक प्रेस नोट जारी कर कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को जानबूझकर परेशान किया जा रहा है। धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा को बेनकाब करते हुए स्पष्ट कहा है कि इलक्टोरल बांड स्कीम आरटीआई एक्ट व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का खुला उल्लंघन है।

सुप्रीम कोर्ट ने इलक्टोरल बांड को रद्द करके साफ कहा कि इससे क्विड परो क्यू की झलक दिखती है। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि विगत पांच सालों में इलक्टोरल बांड के माध्यम से लिए गए चंदे का पूरा विवरण स्टेट बैंक चुनाव आयोग को 13 मार्च तक दे और चुनाव आयोग इसका पूरा विवरण चुनाव आयोग की वेबसाईट पर सार्वजनिक करे। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय के बाद पांच सालों में किस-किस पूंजीपति ने किस-किस दल को कितना चंदा इलक्टोरल बांड के माध्यम से दिया है, यह 13 मार्च को पता चल जायगा। वहीं यह भी पता चल जायेगा कि किस-किस पूंजीपति ने इलक्टोरल बांड के माध्यम से चंदा देकर मोदी-भाजपा से क्या-क्या लाभ लिया है।

विगत पांच सालों में अकेली भाजपा को ही इलक्टोरल बांड से 6554 करोड़ रूपये की रिश्वत पूंजीपतियों से मिली है। भाजपा ने इस इलक्टोरल बांड का अधिकांश हिस्सा चुनावों में खर्च करने की बजाय कांग्रेस-विपक्ष के विधायकों व सांसदों को खरीदने, भाजपा के कार्यालय व सम्पतियां बनाने तथा भाजपा की विभिन्न राष्ट्रीय, प्रदेश व जिला ईकाइयों के खातों में यह रिश्वत का पैसा फिक्सड डिपोजिट एकाऊंट में जमा किया है। धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि फैसले में सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि इलक्टोरल बांड के माध्यम से दिया गुप्त दान एकतरह से मनी लांड्रिंग ही है। वहीं सीजेआई जस्टिस चन्द्रचूड ने इस चंदे को कालाधन बताया है। इस प्रकार भाजपा को मिला 6554 करोड रूपये कालाधन है और मनी लांड्रिग का एकदम साफ मामला है। अब ईडी जांच क्यों नही करती? भाजपा को 6554 लाख करोड़ रूपये की यह रिश्वत किसने दी और भाजपा ने इसके एवज में सत्ता दुरूपयोग से क्या-क्या गैरकानूनी काम पूंजीपतियों के हित में किये? इलक्टोरल बांड घोटाला भारत के राजनीतिक इतिहास में सबसे बडा भ्रष्टाचार, घोटाला व रिश्वत कांड है जो मोदी-भाजपा ने सत्ता बल पर किया है। परेशान विपक्षी पारियों के नेताओं को किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता ये सब देख रही है और आने वाले चुनावों में भाजपा को सबक सिखाने को तैयार बैठी है। उन्होंने कहा कि आजकल कुछ चोर कोतवाल को डांट रहे हैं।

## बच्चें एग्जाम के स्ट्रेस से दूर रह सकते है: मनोचिकित्सक डॉ. गीताजंलि केसरी

Faridabad/Alive News

- एक लेवल से ज्यादा स्ट्रेस हो तो एग्जाम की परफॉर्मेंस खराब हो जाती है क्योंकि आप स्ट्रेस की वजह से पढ़ नहीं पाते। थोड़ा स्ट्रेस होना चाहिए जिससे पढ़ाई में मन लगे।

एग्जाम का समय बच्चों के लिए सबसे ज्यादा तनाव ग्रस्त होता है। बेहतर प्रदर्शन के दबाव में कुछ बच्चे बहुत अधिक प्रेशर लेने लगते हैं। इस कारण से बच्चे अक्सर तनाव का शिकार हो जाते हैं। एग्जाम स्ट्रेस के कारण बच्चों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ता है। कुछ बच्चों में एग्जाम का तनाव इतना ज्यादा हावी हो जाता है कि वे पढ़ाई पर भी ध्यान केंद्रित नहीं कर पाते हैं। इसकी वजह से वे परीक्षा में बेहतर परफॉर्म नहीं कर पाते हैं । इसको लेकर हमारे संवाददाता ने मनोचिकित्सक से बातचीत की तो उन्होनें बताया कि बच्चों के मन में सिलेबस पूरा न होने का डर भी सताता रहता है।

मष्तिक विशेषज्ञ बताते है कि अच्छे रिजल्ट से लेकर भी बच्चों में चिंता बनी रहती है। इसका असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ सकता है। साथ ही उन्हें पढ़ाई करने में ध्यान केंद्रित करने में परेशानी होती है। बच्चों पर एग्जाम के स्ट्रेस का असर अकेले दिमाग पर ही नहीं, बल्कि इसका असर उनके स्वास्थ्य पर भी पड़ सकता है। एग्जाम स्ट्रेस की वजह से बच्चों के व्यवहार में अचानक से परिवर्तन हो सकता है। खासतौर पर जब बच्चे के एग्जाम नजदीक होता है, तो वे काफी ज्यादा मायूस और शांत हो जाते हैं। उन्हें दूसरों से बात करना समय की बर्बादी लगता है। ऐसे में न्यूरो मनोचिकित्सक डॉ. गीतांजलि केसरी से बातचीत की गई तो उन्होनें बताया कि एग्जाम के लिए बच्चों में स्ट्रेस होना एक हद तक सही होता है लेकिन एक लेवल से ज्यादा स्ट्रेस हो तो एग्जाम की परफॉर्मेंस खराब हो जाती है क्योंकि आप स्ट्रेस की वजह से पढ़ नहीं पाते। थोड़ा स्ट्रेस होना चाहिए जिससे पढ़ाई में मन लगे।

न्यूरो मनोचिकित्सक डॉ. गीतांजलि केसरी ने एग्जाम में जाने वाले बच्चों को बताया कि उन्हें ऐसे में एक शेड्यूल बनाकर चलना सही रहता है उसमें आप यह सब शामिल कर सकते हैं जैसे- कितने बजे उठाएंगे, आपकी सुबह की एक्टिविटीज क्या-क्या रहेगी, कब आपको क्या करना है व किस समय आपको कौन सा सब्जेक्ट पढ़ना है और उसे सब्जेक्ट को कितना टाइम देना है। पूरे दिन में कम से कम 30 मिनट आप जरूर एक्सरसाइज करें जिससे आपका तनाव दूर होगा। उन्होनें आगे बताया कि मोबाईल से बच्चें पढ़ने की कोशिश कम करें और टैबलेट का इस्तेमाल करें और उसमें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स डाउनलोड ना करें। क्योंकि आजकल बच्चों का अधिक से अधिक समय सोशल मीडिया पर बर्बाद हो रहा है और इस बीच बच्चे पढ़ाई पर पूरा ध्यान नहीं दे पाते।

इसलिए बच्चें एग्जाम के समय तक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से दूरी बना कर रहे। डॉक्टर ने कहा कि बच्चें एग्जाम के समय परिवार व दोस्तों से दूरी न बनाए क्योंकि यह समय सभी से डिसक्नेक्ट रहने का नहीं बल्कि क्नेक्ट रहने का हैं। इससे बच्चे की स्ट्रेस की स्थिति थोडी कम हो जाती है और साथ ही पॉजिटिव एनर्जी महसूस करता है। अक्सर एग्जाम नजदीक आने के कारण बच्चे रात को ठीक से सो नहीं पाते या फिर रात भर जागकर पढ़ाई करते हैं ऐसे में स्ट्रेस का लेवल और भी ज्यादा बढ़ सकता है। इसीलिए आप अपने सोने व जागने का समय निर्धारित रखें ताकि इसकी वजह से आपकी परफॉर्मेंस खराब ना हो सके।

## मॉडर्न केडी स्कूल ने धूमधाम से मनाया 30वां वार्षिकोत्सव और पुरूस्कार वितरण समारोह

Faridabad/Alive News





नंगला रोड स्थित मॉडर्न के. डी. पब्लिक हाई स्कूल के प्रांगण में 30वां वार्षिकोत्सव और पुरूस्कार वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया।समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यार्थियों अभिभावकों बनाया गया। समारोह में विशेष अतिथि के तौर पर पूर्व मेयर मुकेश शर्मा, प्रिंसिपल सेक्रेटरी आईएएस अधिकारी डी. सुरेश और एनआईटी के विधायक नीरज शर्मा पहुंचे। स्कूल के चेयरमैन त्रिलोकचंद तंवर, नंदनी तंवर, एडवोकेट अभिषेक तंवर ने सभी अतिथियों का फूल-माला और सॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। समारोह में नर्सरी से दसवीं क्लास तक के विद्यार्थियों ने अलग-अलग थीम और अलग अलग गीत पर अपनी प्रस्तुति दी। वार्षिकोत्सव समारोह का शुभारंभ सरस्वती वंदना और स्वागत गीत से हुआ।

इस मौके पर विद्यार्थियों ने योगा, राम सीया राम गाने पर डांस, नर्सरी और यूकेजी तक के विद्यार्थियों ने फैंसी डांस कंपटीशन में भाग लिया, वहीं रेड हाउस के विद्यार्थियों ने मां भारती गीत पर डांस की प्रस्तुति दी। छठी से सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने हरियाणवी गीत पर डांस की प्रस्तुति दी।। इसके अलावा येलो और ब्लू हाउस के छोटे बच्चों ने बम बोले, मां तुझे सलाम गीत पर डांस की प्रस्तुति दी। समारोह में आए अतिथियों ने अपने-अपने संबोधन में स्कूल के विद्यार्थी और स्कूल प्रबंधन को शुभकामनाएं दी। विद्यार्थियों को बताया कि शिक्षा समाज के लिए क्यों जरूरी है। विभिन्न प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। मंच संचालन एडवोकेट अभिषेक तंवर और पिंकी कर्दम ने किया।

स्कूल के चेयरमैन त्रिलोकचंद तंवर ने आए हुए अभिभावक और अतिथियों को बताया कि स्कूल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना का काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में 30 साल पहले स्कूल की नींव बच्चों को शिक्षित करने के लिए रखी गई थी ताकि प्रवासी परिवार का बच्चा कम पैसे में अच्छी शिक्षा लेकर परिवार को आगे बढ़ाए और उस क्षेत्र में स्कूल निरन्तर काम कर रहा है।

उन्होंने बताया कि मॉडर्न केडी स्कूल 30 साल से समाज को कई इंजीनियर, डॉक्टर, अधिकारी और वकील दे चुका है। स्कूल शुरू से अपने उद्देश्यों पर कायम है। वहीं स्कूल डॉ भीमराव अंबेडकर के सिद्धांतो पर काम करता आ रहा है। त्रिलोकचंद ने बताया कि विद्यार्थियों में देश के प्रेम की भावना जागृत करने के लिए समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में हर वर्ष शत प्रतिशत रिजल्ट देता आ रहा है और खेल के क्षेत्र में भी उनके विद्यार्थी अगणी है।

इस अवसर पर पंचायत विभाग एसडीओ बच्चू सिंह राणा, एडवोकेट शिव नारायण तोमर, सरपंच रघुवीर सिंह, नत्थीराम सागर, दिल्ली सीआरआई डॉ कवर सिंह, शिक्षाविद् सुशील गेरा, नंदराम पाहिल, भूपेंद्र श्योरान, रामबीर भड़ाना, हरीश ऋषि और जेजेपी नेता जीआर. भडाना, जेजेपी नेता गजेंद्र भड़ाना, बृजलाल यादव, डॉ. एस.पी सिंह, छठ पूजा समिति से आन्नंद, जयपाल तंवर मौजूद रहे।

## विधायक ने किया गलियों के निर्माण कार्य का शुभारंभ

Faridabad/Alive News



एनआईटी फरीदाबाद से विधायक नीरज शर्मा ने एनआईटी विधानसभा की संजय कालोनी में गली नम्बंर 27, 28, गली नम्बंर 246, गली नम्बंर 24ए, 24बी, गली नम्बंर 42 का निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि विधायक आदर्श नगर योजना स्कीम 2023-24 के अंतर्गत पर्वतीय कालोनी डिस्पोजल गली नम्बंर 1 से लेकर गली नम्बंर 6 तक एंव संजय कालोनी एफ ब्लांक में 3 गलियों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इन सभी गलियों की स्थिति काफी समय से खराब थी अब इन गलियों के बनने से लोगो को परेशानी का सामना नही करना पडेंगा। विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि विधायक आदर्श योजना के तहत वर्ष में 2 करोड़ रूपए सरकार द्वारा दिए जाते है।

जिससे सिर्फ ग्रामीण क्षेत्र में कार्य करवाए जाते थे लेकिन अब सरकार द्वारा विधायक आदर्श ग्राम योजना को बदलकर विधायक आदर्श नगर एंव ग्राम योजना कर दिया। जिसके तहत 2 करोड़ रूपए के शहरी क्षेत्र के कार्यो की फाईल बनवाई है जिसमें से आज पर्वतीय कालोनी एंव संजय कालोनी के कार्य का शुभारंभ कर दिया गया है इसके बाद बाकि बचे कार्यो का शुभारंभ जल्द किया जाएगा।

सजंय कालोनी में स्थानीय निवासियों का कहना था कि विधायक हमारे लिए सरकार से लगातर लडाई लड रहे है और हमे खुशी है कि हमारा विधायक इतना सधर्षशील है। इस क्षेत्र का विकास जितना स्वः पंडित शिवचरण लाल शर्मा ने काग्रेंस की सरकार में करवाया था, यह भाजपा सरकार उसकी रिपेयरिंग भी नही करवा पा रही है।

इस मौके पर पूर्व पार्षद दयाशंकर गिरी, चौधरी राजपाल, त्रषि चौधरी, रामरेखा यादव, राममेहर चौधरी, रामसिंह यादव, हरवीर मावई, कौशल पांचाल, तरूण शर्मा, महिपाल चौधरी, हरिदत पडिंत, विष्णु शर्मा, राहुल शर्मा, रामबीर शर्मा, त्रुभवन सिंह, अशंक त्रिपाठी, आकाश शर्मा, बिजू चदींला, सौरभ चौधरी, दीपक पराशर, अतेन्द्र चौधरी, एमएस बधेल, अजब सिंह, नंदलाल पांडेय, प्रदीप लंबा, राजपाल दहिया एंव अन्य गणमान्य साथी उपस्थित रहे।

## बंद के चलते मंडियों में 25 प्रतिशत बढ़े सब्जियों के दाम

Faridabad/Alive News



सब्जियों के दाम एक बार फिर 25 प्रतिशत बढ़ चुके हैं। किसानों द्वारा जगह-जगह बंद के चलते बाहर से आने वाली सब्जियों के भाव पिछले दो-तीन दिनों से एक बार फिर बढ़ने लगे हैं। सब्जियों की महंगाई ने लोगों का स्वाद बिगाड़ दिया है। जहां केवल कों प्याज, आलू के दाम स्थिर हैं। सबसे ज्यादा नीबू ने करीब 30-40 रुपये किलो का उछाल मारा है। महंगाई के बढ़ने से सब्जियां रसोई से दूर होने लगी हैं। किसानों द्वारा एमएसपी की मांग को लेकर जगह-जगह बंद के चलते मंडियों में सब्जियां समय पर नहीं पहुंच पा रही है। इसी कारण कुछ सब्जियों के भाव में उछाल आना शुरू हो गया है।

आढ़तियों का दावा है यदि बद लबा चला तो आने वाले दिनों में सब्जी के भाव में और ज्यादा महंगे हो सकते है। जो मटर तीन दिन पहले 30 रुपये किलो बेची जा रही थी आज वहीं मटर 40 रुपये किलो तक पहुंच गई है। इसी प्रकार सब्जी मंडी में जो भिंडी 3 दिन पहले तक 60 रुपये किलो बिक रहा थी गुरुवार को वहीं भिडी 80 रुपये किलो पहुंच गई है। इसी प्रकार तोरई 40 रुपय किलो से 60 किलो बेची जा रही शिमला मिर्च 60 रुपये किलो से 80 रुपये किलो, घीया 30 रुपये किलो पहुंच गया है। टमाटर 20 से 30 रुपये, करेला 30 रुपये किलो से 50 रुपये किलो व खीरा 30 रुपये किलो से 40 रुपये किलो तक बेचा गया। ऐसे में गरीब और मध्यम वर्ग के सामने सब्जियां खरीदने में मुश्किल हो रही है। महंगाई के कारण सब्जियों के मेल न खाने से लोगों का स्वाद ही बिगड़ गया। अब भी ऐसी उम्मीद नजर नहीं आ रही है कि सब्जियों के दामों में गिरावट आएगी। लोग एक किलो सब्जी की जगह 50 रुपये 40 रुपये किलो पहुंच गई। गोभी 30 उपवे किलो से बढ़कर 40 रुपये किलो हरि मिर्च 40 रुपये किलो से बढ़कर 60 रुपये किलो पहुंच गई। पेठा 25 रुपये किलो से बढ़कर 40आधा ही किलो ले जा रहे हैं। वहीं, लोगों का कहना है कि आए दिन सब्जियों के दाम बढ़ने से परेशानी हो रही है। जेब पर अतिरिक्त बोझ बढ़ रहा है। इससे घर का बजट पूरी तरह से बिगड़ जाता है। वहीं, कुछ लोगों का कहना है कि सब्जियों के दाम बढ़ने से थाली से सब्जी गायब हो गई है।

## न्यायालय परिसर में किया जाएगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन : सीजेएम

सस्ते व सुलभ न्याय लोगों को मिलता है जहां किसी पक्ष की हार नहीं होती। राष्ट्रीय लोक अदालत में केसों की सुनवाई के फैसलों की कहीं कोई अपील नहीं, अंतिम रूप से निपटारा, समय की बचत जैसे लाभ मिलते हैं।

Faridabad/Alive News



सीजेएम कम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुकिर्ती गोयल ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी आदेश अनुसार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन व जिला एवं सत्र न्यायाधीश वाई एस राठौड़ के दिशा-निर्देश पर 9 मार्च 2024 को जिला न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

**आपसी सहमति से होता है राष्ट्रीय लोक अदालत में केसों का निवारण :** सीजेएम सुकिर्ती गोयल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि न्यायालय में लंबित मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में दोनों पक्षों की आपसी सहमति व राजीनामे से सौहार्दपूर्ण वातावरण में पक्षकारों की रजामंदी से विवाद निपटाया जाता है। इससे शीघ्र, सस्ते व सुलभ न्याय लोगों को मिलता है जहां किसी पक्ष की हार नहीं होती। वहीं राष्ट्रीय लोक अदालत में केसों की सुनवाई के फैसलों की कहीं कोई अपील नहीं, अंतिम रूप से निपटारा, समय की बचत जैसे लाभ मिलते हैं।

**इन केसों का भी होता है सुलहः** सुकिर्ती गोयल ने आगे बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन से संबंधित मामले, मोटर एक्सीडेंट, एनआई एक्ट, फौजदारी, रेवेन्यू, वैवाहिक विवाद का निपटारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आपसी सहमति से हल होने वाले मामलों में राष्ट्रीय लोक अदालत बहुत ही कारगर सिद्ध हो रही हैं और राष्ट्रीय लोक अदालत में सुनाए गए फैसले की भी उतनी ही अहमियत है, जितनी सामान्य अदालत में सुनाए गए फैसले की होती है। राष्ट्रीय लोक अदालत में सुनाए गए फैसले के खिलाफ अपील दायर नहीं की जा सकती।

**धन और समय की होती है बचत :** सीजेएम सुकिर्ती गोयल ने आगे बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से लोगों का बिना समय व पैसा गवाएं केसों का समाधान किया जाता है। राष्ट्रीय लोक अदालत में ना तो किसी पक्ष की हार होती है और ना ही जीत बल्कि दोनों पक्षों की आपसी सहमति से विवादों का समाधान करवाया जाता है।

सीजेएम ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में मामलों के निपटारे के लिए इच्छुक व्यक्ति जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय (एडीआर सेंटर) या जिला के उन न्यायालयों में आवेदन कर सकते हैं।

जिस अदालत में मामला विचाराधीन है। उस अदालत में भी आवेदन किया जा सकता हैं। उन्होंने बताया कि किसी भी कार्य दिवस में सुबह 09:30 बजे से सायं 5 बजे तक कोई भी व्यक्ति न्यायालय परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में संपर्क कर सकता है।

लोक अदालत के आयोजन तक जिला न्यायालय परिसर के मुख्य गेट के अंदर हेल्प डेस्क पर जाकर भी किसी भी तरह की कानूनी जानकारी ले सकता है।

## आशीर्वाद स्कूल में की गई मां सरस्वती की उपासना



Faridabad/Alive News

बसंत पंचमी का पर्व मां सरस्वती की उपासना और समर्पण का पर्व है जो हर साल हर्ष और उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस खास मौके पर आशीर्वाद पब्लिक हाई स्कूल में बसंत पंचमी का आयोजन बड़ी धूमधाम से मनाया गया। माता सरस्वती की प्रतिमा को स्थापित कर विधिवत पूजा अर्चना की गई।

इस अवसर पर मुख्य रूप से स्कूल की चेयरपर्सन साध्वी श्रीदेवी ने मां सरस्वती की पूजा की, इस मौके पर विद्यार्थी भी मौजूद रहे। एक-एक कर के सभी विद्यार्थियों ने मां सरस्वती की आराधना की। सरस्वती पूजा के बाद सभी विद्यार्थियों एवं अतिथियों को प्रसाद वितरित किया गया।

इस मौके पर स्कूल की डायरेक्टर अंशु सिंह ने सभी बच्चों व अध्यापकों को सरस्वती पूजा की बधाई दी। वह साथ ही विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य को लेकर कामना की।

# फरीदाबाद मैराथॉन तीन मार्च को, हजारों धावक लगाएंगे दौड़ : डीसी

**Faridabad/Alive News**




औद्योगिक महानगर फरीदाबाद में तीन मार्च को फरीदाबाद मैराथॉन नाम से एक बड़ा इवेंट होने जा रहा है। इस इवेंट में अलग-अलग श्रेणियों में हजारों धावक भागीदारी करेंगे। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल फरीदाबाद मैराथॉन में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करेंगे।

डीसी विक्रम सिंह मंगलवार को लघु सचिवालय के छठे तल स्थित कांफ्रेंस हॉल में सभी विभागों के अधिकारियों व शहर के प्रमुख उद्योगपतियों के साथ फरीदाबाद मैराथन की तैयारियों को लेकर मीटिंग आयोजित कर रहे थे। इस दौरान खेल विभाग के निदेशक पंकज नैन ने विडियो कांफ्रेस के जरिए भी कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी ली।

उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि दिल्ली और मुंबई जैसे देश के प्रमुख शहरों में आयोजित होने वाले ऐसे आयोजनों की तर्ज पर फरीदाबाद मैराथॉन भी औद्योगिक महानगर का एनुअल इवेंट होगा। फरीदाबाद मैराथॉन में भागीदारी के लिए हजारों की संख्या में प्रोफेशनल रनर्स ने फरीदाबाद मैराथॉन डॉट कॉम पर अपना पंजीकरण करा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि यह रजिस्ट्रेशन 29 फरवरी तक करवाया जा सकता है। मैराथन का शुभारंभ सूरजकुंड परिसर से होगा और यह शहर के बडखल मोड़ से वापिस जाएगी। उन्होंने बताया कि मैराथन के रूट में कुछ बदलाव भी किए जा सकते हैं। इसके लिए उन्होंने सभी से सुझाव भी लिए।

**विभिन्न श्रेणियों में विजेताओं को नगद इनाम से किया जाएगा सम्मानित**

डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि मास्टर्स कैटेगरी में फुल मैराथन के विजेता को 50 हजार रुपये और हाफ मैराथन के विजेता को भी 50 हजार रुपये का ईनाम दिया जाएगा।

ओपन केटेगरी में फुल मैराथन में प्रथम स्थान पर आने वाले विजेता को 1 लाख 50 हजार, द्वितीय विजेता को 1 लाख व तीसरे स्थान पर आने वाले विजेता की 75 हजार के नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इसी प्रकार हॉफ मैराथॉन में प्रथम विजेता को 1 लाख, द्वितीय विजेता को 75 हजार व तीसरे स्थान पर आने वाले विजेता की 50 हजार के नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

**चिप युक्त बीब से रनर अपना वास्तविक रन टाइम कैलकुलेट कर सकेंगे**

डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि मैराथन के लिए पोर्टल पर फुल व हॉफ मैराथन व 10 किलोमीटर की श्रेणी में आवेदन करने वाले रनर्स को रनिंग किट्स प्रदान की जाएगी। इसमें एक इलेक्ट्रॉनिक चिप युक्त बीब(टी शर्ट पर चिपकने वाला स्टीकर) शामिल है।

उन्होंने बताया कि इस चिप युक्त बीब से रनर अपना वास्तविक रन टाइम कैलकुलेट कर सकेंगे साथ ही आयोजन के उपरांत अपने इलेक्ट्रॉनिक बीब की मदद से आयोजन से जुड़े अपने फोटो भी डाउनलोड कर सकेंगे।

**राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों की होगी लाइव परफॉर्मेंस**

डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि फरीदाबाद में यह अपने आप में पहला ऐसा बड़ा कार्यक्रम होगा जिसमें मैराथॉन में आए रनर्स में जोश व रोमांच भरने के लिए राष्ट्रीय स्तर के कलाकार अपनी लाइव परफॉर्मेंस देंगे। उन्होंने बताया कि मुक्य आयोजन स्थल के साथ साथ मैराथन के पूरे रूट पर निर्धारित स्थानों पर भी छोटे स्टेज पर लाइव परफॉर्मेंस आयोजित किए जाएंगे जो रनर्स को बूस्ट अप करेंगे।

**मैराथॉन मार्ग में यह होंगी व्यवस्थाएं**

डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि मैराथन मार्ग पर रनर्स की सुविधा के लिए प्रत्येक दो किलोमीटर पर मेडिकल स्टेशन बनाए जाएंगे। इन स्टेशन के साथ साथ वहां पर ग्लूकोस, एनर्जी ड्रिंक्स सहित मोबाइल टॉयलेट्स की भी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

उन्होंने बताया कि मैराथन मार्ग में रनर्स को किसी प्रकार की असुविधा ना हो इसके लिए पूरे मार्ग पर वालंटियर की ड्यूटी लगाई गई है । वहीं प्रत्येक 150 से 200 मीटर के बीच पुलिस कर्मी भी नियुक्त किए जाएंगे। इसके साथ ही इस आयोजन में गुरूग्राम स्थित सभी यूनिवर्सिटी व सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों के कक्षा 11 व कक्षा 9 के बच्चों को भी इसमें सहभागी बनने के लिए प्रेरित किया जाएगा।,

**मैराथन के लिए ऐसे करें रजिस्ट्रेशन**

मैराथॉन में सहभागी बनने के इच्छुक नागरिक फरीदाबाद मैराथॉन डॉट कॉम पर अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदक को मोबाइल नंबर व ईमेल आईडी से रजिस्ट्रेशन करना होगा जिस पर उन्हें ओटीपी प्राप्त होगा। इसके उपरांत उसे अपनी पर्सनल जानकारी व अन्य जानकारी भरनी होगी।

मीटिंग में एडीएम फरीदाबाद अमित गुलिया, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, एसडीएम बडखल अमित मान, सीटीएम अंकित, उद्योगपति मुकेश अग्रवाल, प्रदीप मोहंदी, अमित भल्ला, सर्वोदय से अमित कुमार, एफआईए से अंशुल कुमार सहित सभी विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।

# भाजपा सरकार ने झूठा आश्वासन देकर देश के किसानों के साथ किया है बड़ा विश्वासघातः धर्मवीर भड़ाना

**Faridabad/Alive News**

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य धर्मवीर भड़ाना को किसान आंदोलन के चलते पुलिस प्रशासन ने हाउस अरेस्ट किया उन्हें पहले पाली पुलिस चौकी में ले जाया गया उसके पश्चात लगभग 12ः00 बजे उन्हें उनके कार्यालय पर अरेस्ट रखा गया । इस पर धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि भाजपा सरकार जंगलराज की सरकार है उनकी करनी और कथनी में बहुत बड़ा फर्क दिखाई पड़ता है 1 वर्ष पहले 700 किसानों की कुर्बानी के बाद भाजपा सरकार ने झूठा आश्वासन दे उनका आंदोलन समाप्त करवा दिया था लेकिन भाजपा सरकार अपनी जुबान पर खरी नहीं उतरी और किसानों को दोबारा सड़क पर उतरना पड़ रहा है।



उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा सरकार में मजदूर ,किसान ,युवा, महिला सभी वर्ग परेशान हैं कमर तोड़ महंगाई और बेरोजगारी ने पूरे देश का बुरा हाल कर रखा है,उन्होंने यह भी कहा कि वह इस तरह मुझे हाउस अरेस्ट कर या गिरफ्तार कर किसानों के आंदोलन में मेरे सहयोग को दबा नहीं सकते और उन्हें मौका मिला तो वह कंधे से कंधा मिलाकर किसानों के आंदोलन में भाग लेंगे उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी के सभी कार्यकर्ता और उनकी पार्टी पूरी तरह किसानों के साथ है,

आपको बता दें की धर्मवीर भड़ाना के साथ जिला सचिव मैहर चंद हरसाना, प्रदेश प्रवक्ता नरेश शर्मा ,रामगौड, सचिन चौधरी एवं हरजिंद्र मेहंदीरता ,सत्येंद्र शर्मा , सुभाष बघेल सभी इस मौके पर कार्यालय पर मौजूद रहे और भारी संख्या में पुलिस बल कार्यालय के बाहर मौजूद रहा।

# पानी की समस्या से जूझ रहें है संजय कॉलोनी के लोग

**Swaranjali/Alive News**

**फरीदाबाद :** संजय कॉलोनी के वार्ड नंबर 3 में पिछले तीन चार दिनों से पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है ऐसे में लोगों को बेहद परेशान हो रही है। बता दें कि पानी की आपूर्ति न होने के कारण लोगों को निजी टैंकरों का सहारा लेना पड़ रहा है। साथ ही लोगों का कहना है कि पानी की समस्या के चलते हमारी दिनचर्या भी गड़बड़ाई हुई है।



बताया जा रहा है कि कुछ समय पहले ही संजय कॉलोनी में पानी की आपूर्ति के लिए नयी बूस्टर लगवाया गया था लेकिन इसके बाद भी लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। पानी की आपूर्ति न होने के कारण ऑफिस जा रहे लोगों व स्कूल जारहे बच्चों को काफी परेशानी हो रही है । लोगों का कहना कि वह इसकी शिकायत नगर निगमके अधिकारियों को भी दे चुके हैं परंतु इस समस्या का अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है।

**क्या कहना है स्थानीय लोगों का**

संजय कॉलोनी की निवासी सुनीता देवी ने बताया कि हमारे यहां गर्मियां शुरु होते ही पानी की समस्या शुरू हो जाती है। पानी की किल्लत होने के कारण कई कार्यो में भी रुकावट आने लगती है। ऐसे में उन्हें पानी को लेकर नगर निगम के चक्कर काटने पड़ते हैं।

संजय कॉलोनी के निवासी संदीप राव ने बताया कि वैसे तो मोदी का नाराहै 'हर घर नल हर घर जल'। लेकिन इसके बावजूद भी लोगों को टैंकर के पानी का सहारा लेना पड़ता है। ऐसे में लोगों का काफी ज्यादा खर्चा भी हो जाता है।

संजय कॉलोनी के निवासी अंजू ने बताया कि संजय कॉलोनी में पानी की समस्या पिछले कई सालों से चली आ रही है। देखा जाए तो यह समस्या गर्मी के दिनों में और भी ज्यादा बढ़ जाती है। जिससे कि लोगों को काफी ज्यादा दिक्कत होने लगती है। वहीं, टैंकरों के पानी की बात की जाए तो गर्मियों में उसके रेट भी काफी ज्यादा बढ़ जाते हैं। बता दें कि इस क्षेत्र में ज्यादातर मजदूर वर्ग के लोग रहते हैं जिनकी इनकम का एक चौथाई भाग पानी खरीदने में चला जाता है।

# अधिकारी विक्रम सिंह ने मतदाता केंद्रों का निरीक्षण कर लिया व्यवस्थाओं का जायजा

**Faridabad/Alive News**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने मंगलवार को जिला क्षेत्र में मतदाता पुनरीक्षण कार्य के लिए स्थापित मतदाता केंद्रों पर बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा बनाई जा रहीं नई वोट के कार्य का मौके पर जाकर निरीक्षण किया।

उन्होंने भारत कॉलोनी, गांव सेहतपुर, एनआईटी-3, एसजीएम नगर व जवाहर कॉलोनी में स्थित राजकीय व निजी विद्यालयों में स्थापित बूथों का निरीक्षण कर जायजा लिया।इस अवसर पर उनके साथ अतिरिक्त उपायुक्त आनंद शर्मा, एसडीएम बड़खल अमित मान, एसडीएम फरीदाबाद अमित गुलिया, डीडीपीओ प्रदीप कुमार, तहसीलदार चुनाव दिनेश कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने इस दौरान जिला फरीदाबाद की भारत कॉलोनी में स्थित निधि पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल, गांव सेहतपुर में स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, एनआईटी-3 में स्थित विद्या निकेतन सीनियर सैकेंडरी स्कूल, एसजीएम नगर में स्थित श्रीराम मॉडल स्कूल और जवाहर कॉलोनी में स्थित गुरू नानक सीनियर सैकेंडरी स्कूल में स्थापित मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने बीएलओ को शहर व ग्राम के सभी घरों में भ्रमण कर मतदाता सूची में सम्मिलित होने की पात्रता रखने वाली महिलाओं, लड़कियों व युवाओं सहित शत-प्रतिशत लोगों को वोटर बनाने के निर्देश दिए।

उन्होंने बूथों पर मौजूद बीएलओज को निर्देशित करते हुए कहा कि वे वोट बनवाने के लिए अधिक से अधिक महिलाओं को वोट बनवाने के लिए जागरूक करें। इसके अतिरिक्त जिन व्यक्तियों का अब तक किसी कारणवश वोटर कार्ड नहीं बना है तो उनका वोटर कार्ड बनवाने की दिशा में कार्य किया जाए।

इसके अलावा वोट बनवाने संबंधी सभी दस्तावेजों को ध्यानपूर्वक चैक करें और वोट कटवाने संबंधी आवेदनों पर विशेष ध्यान दिया जाए। वोट कटवाने के आवेदनों के समस्त कागजात की बारीकी से जांच की जाए।

इस अवसर पर उन्होंने विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से मतदान केंद्रों पर साफ-सफाई, रैंप, शौचालय सहित बिजली आदि मूलभूत सेवा-सुविधाओं की व्यवस्था को दुरूस्त रखने के कड़े निर्देश दिए।

# एडोर हैप्पी होम सोसायटी में अचानक लिफ्ट अटकने से एक घंटे तक फंसी रही महिला

**Faridabad/Alive News**

ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर 86 स्थित एडोर हैप्पी होम सोसायटी के एफ टावर में सोमवार शाम को अचानक लिफ्ट अटकने से महिला एक घंटे तक फंसी रही। महिला ने लिफ्ट का इमर्जेंसी बटन दबाया। जिसके बाद साइरन सुनकर रेजिडेंट्स ने मेंटिनेंस रूम में जाकर लिफ्ट अटकने की सूचना दी और लिफ्ट ऑपरेटर ने 15 से 20 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद महिला को लिफ्ट में से बाहर निकाला गया।



एडोर हैप्पी होम सोसायटी में एफ टावर में 80 परिवार रहते है। रेजिडेंट्स का आरोप है कि कुछ दिनों पहले भी लिफ्ट अटकने की शिकायत लिफ्ट मेंटिनेंस अधिकारी को दी थी, लेकिन सर्विस होल्ड पर बोलकर शिकायत दर्ज नहीं की गई। रेजिडेंट्स का कहना है कि इस टावर में दो लिफ्ट है। बिल्डर ने पावर सेविंग के लिए महीनों पहले एक लिफ्ट को बंद कर दिया।

इस कारण रेजिडेंट्स केवल एक ही लिफ्ट का इस्तेमाल करते है। यहां तीन महीने से लिफ्ट खराब है व रोजाना 10 से 15 मिनट के लिए लिफ्ट अटक रही है। इस टावर में 10 मंजिल है। इसी कारण सोमवार शाम को महिला आठवीं मंजिल पर अटक गई। रेजिडेंट्स का कहना है कि बिल्डर मेंटिनेंस की तरफ ध्यान नहीं दे रहा है। जिससे आए दिन लिफ्ट अटकती रहती है। यहां सभी टावर में दो लिफ्ट है और बिल्डर ने एक लिफ्ट को बंद कर रखा है।

**क्या कहना है सोसाइटी के लोगों का**

यहां तीन महीने से लिफ्ट खराब है, जिससे लिफ्ट बार बार अटक जाती है। मैं दो बार 5-7 मिनट के लिए लिफ्ट में अटका हुआ हूं।

**-संदीप कुमार, रेजिडेंट**

सभी टावर में लिफ्ट खराबी की समस्या बनी हुई है। बिल्डर मेंटिनेंस की ओर ध्यान नहीं दे रहा है। यहां रोजाना लिफ्ट अटकने से रेजिडेंट्स परेशान है।

**-अरविंद कुमार, रेजिडेंट जी टावर**

टावर में दो लिफ्ट है। जिसमें से एक लिफ्ट को महीनों पहले ही बंद कर दिया गया। सभी लोग एक लिफ्ट से ही आते-जाते है। अब यह लिफ्ट भी खराब हो गई है।

**-मिथिलेश कुमार, रेजिडेंट**

क्या कहना था मेंटिनेंस इंचार्ज का

मेरे पास लिफ्ट अटकने की कोई शिकायत नहीं है। मुझे इस बारे में कोई सूचना नहीं है। मैं पता करके बताता हूं।

**-पुनीत, मेंटिनेंस इंचार्ज-एडोर हैप्पी होम सोसायटी।**

# हरियाणा में किसानों को पूरी तरह से बंधक बनाने की तैयारी की जा रही : डॉ. सुशील गुप्ता

**Chandigarh/Alive News**

आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने सोमवार को चंडीगढ़ स्थित आम आदमी पार्टी के प्रदेश कार्यालय से प्रेस वार्ता की। उनके साथ किसान विंग के प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप भांभू और उपाध्यक्ष प्रवीण घुसकानी मौजूद रहे।उन्होंने कहा की एक तरफ केंद्र सरकार एमएस स्वामीनाथन और चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न के सम्मान से नवाज रही है, जिन्होंने अपना पूरा जीवन किसान कौम के लिए समर्पित कर दिया। वहीं आज हरियाणा में किसानों को पूरी तरह से बंधक बनाने की तैयारी की जा रही है। एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी किसानों को कुचलने की तैयारी कर रही है। किसानों ने तीन काले कानूनों के खिलाफ लंबा संघर्ष किया। उस संघर्ष में मनोहरलाल खट्टर ने भी इनकी जड़ें चीन और पाकिस्तान में बताई।

उन्होंने कहा कि देश के किसान प्रधानमंत्री मोदी को उनका वादा याद दिलाने दिल्ली जा रहे हैं, लेकिन खट्टर सरकार ने बॉर्डर सील कर दिए, सीमेंटेड ब्लॉक लगा दिए। जनता को भारी परेशानी हो रही है, परंतु हरियाणा पुलिस जिस तरीके से सड़कों को अवरूद्ध करने का काम कर रही है, वो निंदनीय है। गांव में जाकर किसानों को धमकाया जा रहा है। कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की हरियाणा पुलिस धमकी दे रही है। अंबाला में किसानों से उनके बैंक डिटेल, प्रॉपर्टी डिटेल मांगी जा रही है। वहीं कोई भी नुकसान होने पर संपत्ति कुर्क करने की धमकी भी दी गई है।

उन्होंने कहा कि देश की आजादी को आठ दशक बीतने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों की आय दुगनी करने का वादा किया था, लेकिन 10 साल में किसानों के कर्ज दुगना करने का काम किया। अब जब किसान प्रधानमंत्री मोदी को उनका वायदा याद दिलाना चाहता है तो खट्टर सरकार किसानों के साथ दमनकारी नीति अपना रही है। पूरे प्रदेश के अंदर धारा 144 लगवा दी गई है। आमजन को बेवजह परेशान किया जा रहा है।



उन्होंने कहा की इस देश के किसानों को दबाने के लिए भारतीय जनता पार्टी पूरी की पूरी ताकत लगाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा की आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के निर्देश पर उनके एक एक कार्यकर्ता ने पहले भी किसान हित में काम किया था और आगे भी किसान हित में काम करेंगे।

उन्होंने कहा की एक तरफ तो चलो गांव की ओर अभियान चलाया जाता है, वहीं गांव में जाकर भूमि पुत्रों को धमकी दी जा रही है। उन्हें डराया और धमकाया जा रहा है। किसानों की आवाज को दबने नहीं दिया जाएगा। न पहले अन्नदाता किसान की आवाज को दबने दिया था और न आगे किसानों की आवाज को दबने दिया जाएगा।

वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण घुसकानी ने कहा की प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों से एमएसपी लागू करने का वादा किया था। किसान उसको लेकर ही शांतिपूर्ण प्रदर्शन करेंगे, जबकि खट्टर सरकार ने किसानों के नाम पर जनता को तंग करना शुरू कर दिया है। धरतीपुत्र किसान ही जनता का पेट पालने का काम करता है और किसानों को ही दिल्ली जाने से रोका जा रहा है। हम मांग करते हैं कि एमएसपी की मांग पूरी होनी चाहिए।

वहीं प्रदेश अध्यक्ष किसान विंग कुलदीप भांभू ने कहा कि मोदी सरकार ने किसान नेताओं को तो खरीद लिया, लेकिन किसान अपनी मांगों को लेकर अड़ा हुआ है। समाज का ऐसा कोई अंग नहीं है चाहे युवा हो, किसान हो, मजदूर हों सबको त्रस्त करने का काम किया है। आम आदमी पार्टी किसानों की मांगों का पुरजोर समर्थन करती है।

# वार्ड-5 के जीवन नगर में सीवर लाईन और सड़क निमार्ण कार्य शुरू

**Faridabad/Alive News**

एनआईटी फरीदाबाद से विधायक नीरज शर्मा ने स्कूल पाकेट में नई सीवर लाइन डालने के कार्य का शुभांरभ किया। विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि इसी पाकेट से बेटी कामिनी ने वर्ष 2021 में ट्विट करके मुख्यमंत्री से कहा था कि मेरी शादी है बारात कैसे आएगी, जिसके बाद सिर्फ एक दिन सफाई करवाकर मुख्यमंत्री कार्यालय ने बडे-2 प्रेस नोट जारी करे थे। लेकिन पाकेट की हालत बद से बदतर होती जा रही थी लेकिन भाजपा सरकार सिर्फ प्रेस नोट जारी करके इस पाकेट को भूल गए थे।



विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि विधायक बनने के बाद हर विधानसभा में उनके द्वारा बालकल्याण पाकेट की समस्या उठाई और इस मामले को आश्वासन समिति के समक्ष भी लेकर गए लेकिन कोई कार्यवाही नही हुई। इस समस्या को लेकर मुख्यमंत्री कार्यालय के बडे अधिकारियों के पास सितम्बंर 2022 से लगातार पत्राचार किया गया। उसके बाद भी इसपर कोई कार्यवाही नही हुई। 26 सितम्बर 2023 को बालकल्याण पाकेट की समस्या को लेकर ग्रीवेंश कमेटी के समक्ष लेकर उपस्थित हुए जिसके अध्यक्ष उप मुख्यमंत्री थे, उन्होंने इस समस्या को सुना और अधिकारियों को फटकार लगाकर अगली बैठक तक समाधान करने के निदेश दिए लेकिन यह बात भाजपा के नेताओ को पची नही और अगले दिन ही फरीदाबाद ग्रीवेंश कमेटी के चैयरमैन मुख्यमंत्री स्वंय बन गए।

जब पुनः 15 अक्टूबर 2023 को ग्रीवेंश कमेटी की बैठक लेने मुख्यमंत्री आए और मेरी समस्या पर उन्होंने बोलते हुए कहा कि बैठक में विधायको की समस्यओं को नही सुना जाएगा और इसके बाद पर भाजपा के विधायक एंव नेता तालियां बजा रहे थे। इस पाकेंट पर तत्कालीन आयुक्त यशपाल यादव एंव जितेन्द्र दहिया को इस पाकेट का दौरा करवाया था। विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि आखिरकार आज इस पाकेट में सीवर लाईन डालने के लिए लगभग 60 लाख का कार्य शुरू करवाया गया है और इसके बाद मैन सीवर लाइन डालने का लगभग 93 लाख एंव 24 लाख का टैंडर 16 फरवरी को खुलना है। इसके बाद इस समस्या का पूर्णत समाधान हो जाएगा।

इस मौके पर पूर्व वरिष्ठ उप महापौर मुकेश शर्मा, हरबीर मावी, राम मेहर चौधरी, राम सिंह यादव, गणेश शर्मा, अतुल वशिष्ट, पंकज शर्मा, जेपी गौतम, चावला, दामोदर शर्मा, विनोद पंडित, आलोक, धर्मपाल ओला, सोनू शर्मा, इदा खान,उस्मान प्रधान, कृष्ण पांचाल, नितिन पांचाल, जय प्रकाश पांचाल, राजकुमार पांचाल, राजेश शर्मा, शिवकुमार शर्मा, छुट्टन खान, खुर्शीद खान, आशु खान, हकीमुद्दीन खान, नवल किशोर, खुर्शीद खान, तुलसी यादव, अंकित सिंह, जतिन यादव, आशीष ढुल, मिथलेश पाठक, रवि ठाकुर, राज बहादूर मंडल, राम सिंह गुप्ता, सूरज कुमार, सुंदरी पांचाल, असगर खान, जोगिंदर सैनी, परवेज खान, अकबर खान आदि लोग मौजूद रहे।

# शान्ति निकेतन स्कूल में यातायात नियमों के प्रति ट्रैफिक इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने किया जागरूक

**Faridabad/Alive News**

सेक्टर-21 के शान्ति निकेतन स्कूल में विद्यार्थियों को यातायात नियमो, साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को सावधानी से यात्रा करने व वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करने के संदेश दिए।

डीसीपी ट्रैफ़िक ने बताया कि छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। आम जनता और विद्यार्थियों के लिए संदेश में बताया कि हमेशा सड़क पर सावधानी से यात्रा करनी चाहिए। सड़क पार करते समय हमें अपने दायें व बायें जरूर देखना चाहिए, तब सड़क पार करनी चाहिए।



सड़क पर सावधानी हटते ही दुर्घटना घट जाती है, इसलिए अपने बचाव में ही सबका बचाव है। प्रायः देखने में आता ही लोग जल्दबाजी में या जानबूझकर रेड लाइट सिग्नल को पार करते हैं, जोकि यह खुद के लिए व दूसरों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है।

अपने वाहन को हमेशा निर्धारित गति सीमा में ही चलाना चाहिए। वाहन चलाते समय कभी भी मोबाइल फोन का इस्तेमाल नही करना चाहिए और हमें अपने वाहन में ऊंची आवाज मे संगीत भी नही बजाना चाहिए। इसके अलावा विद्यार्थीयों को बताया गया कि सड़क पर किसी भी तरफ मुड़ते समय हमेशा इंडिकेटर का इस्तेमाल करना चाहिए।

कभी भी शराब पीकर या अन्य नशा करके वाहन नही चलाना चाहिए। चार पहिया व इसके अधिक पहिया वाले वाहन चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट का प्रयोग करना चाहिए। दो पहिया वाहन पर कभी भी बिना हेलमेट के नही चलाना चाहिए और जब तक हम 18 साल के ना हो जाएं, तब तक कोई भी वाहन नही चलाना चाहिए।

कोई भी दुर्घटना होने की परिस्थिति में हमें तुरंत 112 पर पुलिस को सूचना देनी चाहिए। ताकि समय रहते एम्बलेंस की मदद से घायल व्यक्ति को हस्पताल पंहुचाया जा सके और घायल व्यक्ति की जान बचाइ जा सके। यातायात नियमों के प्रति हमें अपने जानकार, साथी व आस-पड़ोस के लोगों को भी यातायात नियमों के बारे मे जागरूक करे।

# Faridabad News

ALIVE NEWS
E-mail : alivenews30@ gmail.com
website: www.alivenews.co.in

## J.C. Bose University's developing mechanism for tracing missing children

**Faridabad/Alive News**

J.C. Bose University have developed a Speech Clarification Technique to trace missing children using Machine Learning Techniques. To acknowledge the initiative, the Patent Office of the Government of India patent has granted a patent to them for their research titled 'Rakshak – A Child Identification Software for Recognizing Missing Children using Machine Learning based Speech Clarification'.

Vice Chancellor Prof. Sushil Kumar Tomar applauded the initiative taken by the researchers on the issue of utmost concern and said that missing children is one of the major problems in society and it is elevated in metropolitan cities where both parents are working. He said that the initiative has not only given exposure to the faculty to work on emerging technology like machine learning but also provided solutions to the society which is required and expected from an emerging research University of the State Government.

He hoped that the research would certainly help in enhancing the capability of Police Officials, speed up their work in case of missing children and reduce the overall number of untraced children, he added.



Prof. Ashutosh Dixit highlighted the urgency of the issue, citing statistics on missing children in the country, especially those under the age of 6. When these children are found by police, they are often in a state of panic, unable to clearly articulate their details due to fear-induced stammering or stuttering.

He developed the Speech Clarification Technique aims to address this challenge by enabling scared children to accurately describe themselves, aiding police officials in locating their guardians. Overall, this patent represents a significant advancement in leveraging technology for social good in cases involving missing children and reducing the number of untraced cases.

## DAV School-49 Organises 'COLOUR SPLASH' competition



**Faridabad/Alive News**

A painting competition called "COLOUR SPLASH" was organized by D.A.V Public School, Sector-49. The event showcased the artistic talents of young children who created captivating artworks with colours. Participantsfrorndifferentp1ayschoo1stookpartinthecompetition.

The programme began with a lamp lighting ceremony by the school Principal, Rajan Gautam, along with Principals and teachers from other schools. The event started with a Saraswati Vandana performance by primary class students, followed by a dance performance to commemorate the occasion of Basant Panchami. Simultaneously, a painting competition commenced.

On the occasion of Swami Dayanand Saraswati's 200th birth anniversary students were educated about his ideologies thro Lgh a Havan.

The Principal, Shri Rajan Gautam emphasized the importance of holistic education and inspirational activities for students' overall development. Participation certificates and trophies were distributed to all participants, concluding the event on a peaceful note.

## Blue Bird School student got second position in writing competition



**Faridabad/Alive News**

Various types of competitions are being organized in the International Handicraft Surajkund Fair to encourage the students. The schools are participating in these competitions. Jiya, a class 8 student of Blue Bird School, has made the school proud by securing second position in Writing competition.

The school's Director Dhruv Datta, commended Jiya's dedication and urged her to participate in similar events in the future. The school extended its congratulations to Jiya and expressed their best wishes for her future endeavors. Jiya's achievement not only made her school proud but also testified to her talent and hard work.

The school's Director once again congratulated Jiya and wished her a bright future. Apart from this, he also inspired other students to participate enthusiastically in the programs. Along with this, the excellent preparation done by the teachers to the children was appreciated.

## Haryanvi's famous singer mesmerized the audience with his singing

**Faridabad/Alive News**

Last evening at the International Surajkund Crafts Fair, renowned Sufi singer and Punjabi cinema actor Vikram Sirohiwal entertained the audience by singing Sufi Kalams in his mesmerizing style. In his melodious voice, he first carried out the tradition of Sufi singing with "Allah Hu Allah Hu Kalam" and introduced the listeners to the pleasant experience of Sufi music.



Sufi artist Vikram shared the treasure of entertainment and knowledge while watching the audience with one Sufi Kalam after another and presented the worship of God, the glory of music and the relationship between devotee and God in Sufi songs through the sweet notes of musical journey. His Sufi composition "Mera Piya Ghar Aaya O Lal Ni" showed such respect for the limits of rhythm and voice that the audience danced with all the colors of the fragrance of music.

Here, Vikram touched the heights of incomparable Sufi music in his fourth song Kali "Kali Zulfo Ke Fande Na Dalo" to such an extent that his sweet silky voice kept touching the heights and was reaching into the hearts and souls of the audience. The audience danced to the tune of 'Nit Khair Manga Soni Mein Teri' and started making kartal sounds along with it. Vikram created a sensation with his final offering of Sufiana Kalam, Aaja Tenu Akhiya Udaik Diya and left the audience emotional.

In this interesting program that lasted for about an hour, Vikram incorporated every color of Sufi in his songs with such ease and fluidity that people were left speechless. The situation was such that in the packed pandal, Vikram made the audience his admirer with his melodious and powerful Sufiana offering. In this Sufi program, Raj Kamal on keyboard, Shubham on Tabla, Dushyant on drums and Krishna Prasanna on flute, Jagdish, Sonny Darpal and Jaspreet accompanied in the chorus.

Vikram has earned a lot of fame through his Sufi presentations in many international and national programs of the state for the last 12 years. He said that he will always be ready to serve, rising above religion, caste, colour, creed and creed, for peace in the nation through Sufi music and for world brotherhood, humanity and overall peace and goodwill on the global stage.

## Dynasty School organized farewell

**Faridabad/Alive News**

Dynasty International School organized farewell ceremony under guidance of our Principal Nitin Verma 'La Revedere' on February 10th, bidding a warm adieu to the radiant Class of 2024. The morning unfolded with the gentle caress of tradition: a sacred Tilak ceremony, the divine embers of a Hawan seeking blessings, and the sweet sharing of Prasad. Class 11, our future torchbearers, ignited the stage with a heartfelt welcome speech, followed by a soul-stirring Ganesh Vandana that painted the air with reverence.

Appreciation flowed freely as the students were adorned with titles and gifts. The stage then transformed into a kaleidoscope of joy with a delightful dance skit by Class 11 juniors, their infectious energy warming the hearts of all present. The electrifying talent hunt and questionnaire round kept the audience on the edge of their seats, culminating in the well- deserved coronation of Dynasty International amidst thundering applause and heartfelt wishes.





Vice Principal ma'am's blessings cascaded down like a warm summer rain, followed by Director, Kalpana Verma's inspiring speech that served as a potent elixir, empowering the graduates to embrace the exciting unknown with courage and confidence. As the grand finale, Class 12 took center stage, their synchronized steps and infectious energy weaving a mesmerizing tapestry of movement in a heartfelt group dance.

It was a poignant symphony of emotions, where laughter danced with tears and cherished memories were etched in hearts forever. We, at Dynasty International, stand tall with immense pride, knowing that our graduating Diamonds will continue to sparkle brightly, wherever life's journey may take them.This isn't an ending, but a beautiful new beginning!

## Farewell ceremony organized for students in Manav Sanskar School





**Faridabad/Alive News**

A farewell ceremony was organized for the students of class 10th in Manav Sanskar. Presented cultural programs of the students in the program organized in the school auditorium.

The farewell party commenced with organising Hawan and Tilak ceremony, where teachers extended their best wishes to the outgoing students. The atmosphere was charged with fun and emotion as the students reflected on their journey together, creating a tapestry of shared experiences and friendships.

The Director Yogesh Sharma encouraged the students to embrace challenges as opportunities for growth and urged them to pursue their dreams with passion and determination. The Principal Dr Kaumudi Bhardwaj shared words of wisdom, emphasizing the importance of values, ethics and continuous learning.

## Competition among 110 schools, Faridabad Model School got second place



**Faridabad/Alive News**

Students of Faridabad Model School have secured second place in the dance competition organized at International Handicraft Surajkund Fair. About 110 students took part in this competition.

School Academic Director Shashi Bala said that this is a proud moment for the school, we are very happy. He wished the students all the best and wished them a bright future. He also congratulated the teachers who were preparing the students for the dance competition.

Director Principal Umang Malik expressed enthusiasm and said that Faridabad Model School focuses on students' bookish knowledge as well as other skills including sports, dance and other skills. The result is that students are progressing in every field, we are proud of our students.

## Faridabad Model School celebrated Sports and Appreciation Day

**Faridabad/Alive News**

Faridabad Model School, Sector 31, celebrated SPORTS & APPRECIATION DAY on 10 February, 2024 with great zeal and enthusiasm. The Chief Guest on the occasion was Brig. Devinder Yadav , Indian Army and his better half Manju Yadav. The distinguished guests included AK Malik- Managing Director, FMS Managing Committee, former Advisor to the President of Zambia, and former Commissioner, Cabinet Secretariat, Govt. of India, JP Malhotra- President of DLF Industries Association, Rtn. H. S. Malik- Former Chairman CWC, Govt. of Haryana, Dhruv Malik- Entrepreneur, Chairman Venus Foods Pvt. Ltd., SR Tewatia, Ramesh Chaudhary, Raj Malik- Educational Counsellor and Founder Principal, FMS Sec-48, Shreya Malik- Asst. Vice President, Projects, IIT Kanpur, Academic Director Shashi Bala and Director Principal Umang Malik

The celebration started with lamp lighting ceremony. Brig. Devinder Yadav, chief guest for the occasion unfurled the school flag The students showcased their skills through various dance exercises where the FMSians showed discipline, coordination and physical strength. The FMS Founder Scholarship Award winners for the session (2023-24) along with other outstanding FMSians who have won at the district, state and national levels were honored at a glittering prize distribution ceremony.





Devinder Yadav congratulated the award winners and their parents and highlighted the importance of sports and extra-curricular activities for the overall development of the students. He congratulated the award winners and participants for their excellent performance and inspired them to become inspiring leaders in their respective fields. FMS Chairman RTN. HS Malik appreciated the excellent performance, blessed the award winners and directed them to become pioneers in nation building.

He congratulated the FMS team for organizing such a wonderful event and thanked the FMS parents for their continued support and association with the school. The program ended with the national anthem.

## Basant Panchami celebrated in Blue Bird School





**Faridabad/Alive News**

Like previous years, Basant Panchami was celebrated with great pomp this year too at Blue Bird Senior Secondary School on Wednesday. On this occasion, children worshiped Goddess Saraswati under the guidance of their teachers.

Teachers told the students the importance of Saraswati Puja. After this the students presented cultural programs. Principal Nalini Mohan presided over the programme, ensuring its smooth execution and instilling a sense of cultural pride among the students.

Basant Panchami not only provided an occasion for religious observance but also served as a platform to promote traditional values and celebrate the rich tapestry of Indian heritage. The event concluded with unity and learning, leaving an indelible mark on the cultural calendar of the school.

## JC Bose University students shine as media team at international kickboxing tournament

**Each member played a vital role in capturing and spreading the essence of the tournament to a global audience. Dr. Pawan Singh, Chairman, Department of CMT, expressed his heartfelt appreciation to the hardworking students for their remarkable contributions and achievements within the department.**

**Faridabad/Alive News**

Students of the Department of Communication and Media Technology (CMT) of JC Bose University showcased their talent while serving as the media team for the 3rd WACO India Open International Kickboxing Tournament held at Indira Gandhi Sports Complex, New Delhi since February.



The World Association of Kickboxing Organizations is an international kickboxing organization consisting of over 120 affiliated countries representing all five continents. WAKO is a major governing body of amateur kickboxing and is responsible for the development of kickboxing worldwide.

The media team in this event was led by Dushyant Tyagi as observer, Hemant Sharma as team coordinator, Vandana Singh as content writer and social media manager, Vishesh Gupta as photographer, Ishika Rawal as interviewer. , Dhirendra Singh was involved as the video editor. Deepu Gupta and Sakshi are in the role of videographers.

Each member played a vital role in capturing and spreading the essence of the tournament to a global audience. Dr. Pawan Singh, Chairman, Department of CMT, expressed his heartfelt appreciation to the hardworking students for their remarkable contributions and achievements within the department.

The exceptional work of the students of JC Bose University as the media team at the 3rd WAKO India Open International Kickboxing Tournament highlights the University's commitment to encourage creative talent and provide action-based learning experiences for its students.

## Manav Sanskar School student won third prize in Surajkund Fair

**Faridabad/Alive News**

Nancy, a student of class 6 of Manav Sanskar Public School, won the third prize in the handwriting competition of junior category organized at Surajkund fair. Through this program, students from different schools got a platform. Students displayed their art.



Manav Sanskar Public School Director Yogesh Sharma and Principal Dr. Kaumudi Bhardwaj appreciated the efforts of all the participants and congratulated Nancy on her success. He said that this win serves as an inspiration for his fellow students to embrace the art of handwriting and celebrate the unique qualities among them.

The teachers congratulated school student Nancy for the award and wished her a bright future. Manav Sanskar Public School gives students an opportunity to hone their skills along with bookish knowledge, as a result of which students are winning in every field.

# नया प्रोडक्ट एयर कंडीशनिंग के क्षेत्र में फरीदाबाद का नाम रोशन करेगा : चौ. विरेंद्र सिंह





Faridabad/Alive News

- चौधरी वीरेंद्र सिंह ने अपने प्रोडक्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह प्रोडक्ट एयर कंडीशनिंग के क्षेत्र में फरीदाबाद का नाम रोशन करेगा। इस प्रोडक्ट की किमत सभी छोटे-बडे उद्यमी की पहुंच तक रहेगी।

नीलम बाटा रोड स्थित एक निजी होटल में फरीदाबाद की विभिन्न एसोसिएशन ने मास्टर ऑफ साईस (रिसर्च) आईआईटी दिल्ली चौधरी विरेंद्र सिंह साथ बैठक की। आईआईटीयन विरेंद्र सिंह वह युवा है जिन्होंने 5जी को विश्व का बेस्ट प्रोडक्ट बनाने में अहम भूमिका निभाई है।

इस बैठक से पहले लाइव म्यूजिक और कॉमेडी का दौर चला। इसमें राजू श्रीवास्तव के विद्यार्थी रहे अमित गुप्ता के ग्रुप ने परफॉरमेंस दी।मास्टर ऑफ साईस (रिसर्च) आईआईटी दिल्ली चौधरी विरेंद्र सिंह ने आए हुए सभी उघोगपति, व्यापारी, सीए, अधिवक्ता, डाक्टर्स और पत्रकारों को नई टेक्नोलॉजी के बारे में बताते हुए कहा कि यह एक ऐसा प्लेटफार्म है इसमें नए उघमियों को अपने व्यवसाय को बढाने में अवसर प्रदान किया जा रहा हैं। विरेंद्र सिंह ने बताया कि नए उद्यमियों को एक प्लेटफार्म दिया जा सकेगा और उन्हे अपना प्रोडक्ट मार्केट में लाने के लिए तकनीकी सहायता दी जायेगी।

उन्होंने कहा कि उद्यमियों को फरीदाबाद में ही ये प्लेटफॉर्म मिल सकेगा। इस कार्यक्रम में चौधरी वीरेंद्र सिंह ने अपने प्रोडक्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह प्रोडक्ट एयर कंडीशनिंग के क्षेत्र में फरीदाबाद का नाम रोशन करेगा। इस प्रोडक्ट की किमत सभी छोटे-बडे उद्यमी की पहुंच तक रहेगी।

इस कार्यक्रम में इलेक्ट्रिकल एसोसिएशन फरीदाबाद, टूल्स एंड मरचेन्टस एसोसिएशन, ऑयरन एंड स्टील एसोसिएशन, इनकम टैक्स बार एसोसिएशन, चार्टर्ड अकाउंटेंट एसो. के सदस्य, डीस्ट्रीक्ट टैक्स बार एसोसिएशन, सेशनन एंड डीस्ट्रीक्ट कोर्ट एसोसिएशन, लघु उद्योग भारती बल्लभगढ़ और फरीदाबाद, फरीदाबाद इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन, इंडियन मेडीकल एसोसिएशन, कैमिकल एसोसिएशन, रोटरी ब्लॅड बैंक सेक्टर-9, मैजिक बुक ऑफ रिकार्ड, राजस्थान सेवा सदन, इंटरनेशनल योग शिक्षक, सुप्रीम कोर्ट टैक्स बार एडवोकेट, मीमीक्री आरटीस्ट एसोसिएशन मौजूद रही।

इस कायक्रम में राष्ट्रीय स्वंय सेवक महेश गोयल, माडर्न संस्कृति स्कूल के प्रधानाचार्य सतेंद्र सौरोत, उघोगपति एवं सामाजिक कार्यकर्ता अरुण बजाज, डॉ पुनिया हसीजा, डॉ ललित हसीजा, जादूगर सीपी यादव, दूलीचंद शर्मा और भगवान दास गोयल मौजूद रहे।




## परीक्षा की तैयारी के लिए बच्चों को नही मिल पा रहा शांति का माहौल

Faridabad/Alive News

सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा शुरु हो चुकी है । ऐसे में छात्र भी परीक्षा की तैयारी में लगे हुए हैं । लेकिन देखा जाए तो कही न कही बच्चे परीक्षा की तैयारी सही ढंग से नही कर पा रहे हैं । तैयारी करने के लिए शांत माहौल जरुरत होती है परंतु दिन में वाहनों का शोर और रात के समय में शादियों में बजने वाले डीजे की वजह से बच्चे तैयारी नही कर पाते हैं । ऐसे में पुलिस को इस पर सख्त से सख्त कार्यवाही करने की जरुरत है।



सीनियर श्रीराम स्कूल के सूरज ने बताया कि घर के बाहर तेज आवाज में चलते डीजे और ढोल का शोर पढ़ाई में बाधा डाल रहा है। जब लोगों से इसे बंद करने के लिए बोला जाता है तो वह सुनते नहीं है। बल्कि स्टूडेंट्स को ही कहीं और जाकर पढ़ाई करने के लिए बोलते है। ज्यादा कहने पर लोग लड़ने लगते है। इस कारण कई बार दोस्त के घर पढ़ाई करने जाना पड़ता है।

सीनियर श्रीराम स्कूल के नवनीत ने बताया कि सीबीएसई के एग्जाम शुरु हो चुके है। परीक्षा की तैयारी के लिए शांत माहौल की जरूरत होती है। दिन में वाहनों का और लोगों का शोर होता है। रात के समय शांति होती है। लेकिन शादियों में बजने वाले डीजे देर रात तक चल रहे है। इसका शोर पढ़ाई में बाधा डाल रहा है। इस पर पुलिस को एक्शन लेना चाहिए।




Printed, Published & Owned By : Tilak Raj and Printed at The M/s AGS Publication, D-67, Sector-6, Noida, U.P. -201301, From 547, Nangla Enclave, Part-1, N.I.T., Faridabad(Hr.), Editor : Tilak Raj, Ph : 0129-4070270, 9891639448